

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-282 | सीहोर, गुरूवार 02 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# साल के पहले दिन राजधानी में पड़ी कड़ाके की ठंड

## शहर में छाया घना कोहरा; 15 जनवरी तक शीतलहर, कोल्ड-डे का अलर्ट



भोपाल (ए.)। नए साल के पहले दिन भोपाल में घना कोहरा छाया है। शहर में विजिबिलिटी 100 मीटर है। 31 दिसंबर की रात का तापमान 8.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में साल 2024 का नवंबर-दिसंबर महीना कड़ाके की ठंड वाला रहा है। नवंबर में 36 और दिसंबर में 58 साल का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। ऐसा ही मौसम जनवरी में भी रहेगा। मौसम विभाग की माने तो 15 जनवरी तक भोपाल में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। शीतलहर और कोल्ड-डे की स्थिति भी बनी रहेगी।बता दें कि सर्दी के 4 महीने में सबसे ठंडा जनवरी महीना रहता है। भोपाल में भी इस महीने कड़ाके की ठंड पड़ती है। पिछले 10 साल के टेम्प्रेचर पर नजर डालें तो पारा 9 डिग्री के नीचे ही रहा है। 13 जनवरी 2017 की रात में टेम्प्रेचर सबसे कम 4 डिग्री तक पहुंचा था। वहीं, 90 साल पहले 18 जनवरी 1935 की रात में टेम्प्रेचर रिकॉर्ड 0.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। पिछले 10 साल में पारा सामान्य से 2 से 6 डिग्री तक कम रहा है।

### अगले दो दिन कोहरे का असर


मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन यानी, 1-2 जनवरी को हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। साथ ही दिन में सर्द हवा भी चलेगी। पिछले 3 दिन से राजधानी में कड़ाके की ठंड पड़ी है। साल 2024 के आखिरी दिन मंगलवार को तापमान 19.9 डिग्री सेल्सियस रहा था।

भोपाल में जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ती है। वहीं, दिन में गर्मी का अहसास और बारिश का ट्रेंड भी है। 18 जनवरी 1935 को रात का टेम्प्रेचर रिकॉर्ड 0.6 डिग्री रहा था। वहीं, 26 जनवरी 2009 को दिन में तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया था।पिछले 10 में से 7 साल बारिश हो चुकी है। 24 घंटे में सबसे ज्यादा 2 इंच बारिश 6 जनवरी 2004 को हुई थी। वहीं, सर्वाधिक मासिक 3.8 इंच बारिश जनवरी 1948 को हुई थी।



असम के नागांव जिले में 2025 की आध्यात्मिक शुरुआत के लिए नए साल का आशीर्वाद लेने के लिए भक्त महामृत्युंजय मंदिर में एकत्रित हुए।

## अमेरिका के न्यू आर्लियंस में आतंकी हमला, कार ने लोगों को कुचला, 10 की मौत



न्यू ओर्लियंस (आरएनएस)। अमेरिका में न्यू ओर्लियंस कैनाल और बॉर्बन स्ट्रीट पर बुधवार को एक कार के भीड़ में घुसने से 10 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी शहर की आपातकालीन तैयारी एजेंसी नोला रेडी ने दी। न्यू ओर्लियंस पुलिस ने पहले कहा था कि वह बड़े पैमाने पर लोगों के हताहत होने की घटना जैसी स्थिति से निपट रही है। नोला रेडी ने लोगों को क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी है। अभी संदिग्ध की गिरफ्तारी को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। न्यू ओर्लियंस के मेयर ने इसे आतंकी हमला बताया है।

घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

घायलों को पांच स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। यह घटना न्यू ओर्लियंस में नए साल के जश्न के अंत में और शहर के कैसर सुपरडोम में आयोजित कॉलेज फुटबॉल क्वार्टर फाइनल ऑलस्टेट बाउल की शुरुआत से कुछ घंटे पहले हुई, जिसमें हजारों लोगों की उपस्थिति की उम्मीद थी।

यह आतंकवादी हमला है

न्यू ओर्लियंस के मेयर ने कहा कि नए साल के दिन भीड़ में कार घुसने से बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने की घटना 'आतंकवादी हमला' है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया की तेज रफ्तार गाड़ी आई और भीड़ पर चढ़ा दी। लोगों का कहना है कि ऐसा लगता है कि हमला जानबूझकर किया गया था। न्यू ओर्लियंस पुलिस विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार ऐसा लगता है कि एक वाहन ने लोगों के समूह में घुसकर कुचल दिया। हालांकि, इसमें जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, इसका ठीक से आकलन नहीं किया जा सका है।

## महाराष्ट्र में 2000 करोड़ का एसटी घोटाला, सरकार को अंधेरे में रखकर बसें लीज पर लेने का फैसला

मुंबई, (ए.)। महाराष्ट्र में 2 हजार करोड़ का एसटी घोटाला होने की बात सामने आई है। खबर है कि सरकार को अँधेरे में रखकर 1310 एसटी बसों को लीज पर रखते हुए एसटी बसों को लीज पर लेने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने बसें लीज पर लेने के फैसले पर स्टे दिया है और खबर है कि इस मामले में पूरी जांच के आदेश दे दिये गये हैं। यह लेनदेन विवादों के घेरे में है और संभव है कि इस फैसले से एसटी कॉर्पोरेशन को करीब 2000 करोड़ का आर्थिक नुकसान हुआ हो। नई महायुति सरकार के अस्तित्व में आने के बाद विभागों के आवंटन से पहले सभी विभागों का प्रभार देवेन्द्र फड़णवीस के पास था। इस दौरान यह बात सामने आई कि संबंधित कंपनियों को आशय पत्र दे दिए गए थे। यह भी कहा जा रहा है कि निगम के कामकाज को लेकर मुख्यमंत्री ने परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक से नाराजगी भी जतायी। बताया जाता है कि लीज पर बसें खरीदने का फैसला तब टाल दिया गया जब मुख्यमंत्री को यह जानकारी दी गई कि इस पूरे घोटाले में दो हजार करोड़ का नुकसान हो सकता है।

## सीएम बीरेन के माफी मांगने के कुछ घंटों पर मणिपुर के गांव पर हमला



इंफाल,(ए)। मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले के एक गांव पर मंगलवार रात कुछ बंदूकधारियों ने हमला कर दिया। कडांगबंद इलाके में रात 1 बजे बम फेंके गए। गांव वालों ने भी इस हमले के जवाब में फायरिंग की। इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है।मणिपुर में यह ताजा घटना सीएम बीरेन सिंह के माफी मांगने के बयान के कुछ घंटों बाद हुआ। सीएम बीरेन ने मंगलवार को राज्य में हुई हिंसा और उसमें हुई जनहानि को लेकर माफी मांगी थी। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सवाल पूछा था कि पीएम मोदी मणिपुर क्यों नहीं जाते हैं। इसके जवाब में बीरेन ने कहा था कि पूर्व पीएम नरसिम्हा राव के कार्यकाल में भी मणिपुर में अशांति थी। क्या वह वहां गए थे।सीएम बीरेन ने साल 2024 के आखिर दिन मीडिया से चर्चा के दौरान कहा था कि हिंसा में कई लोगों ने अपने प्रियजन को खो दिया। कई लोगों बेघर हो गए हैं। मुझे खेद है। मैं माफी मांगता हूं। मणिपुर में मई 2023 से अक्टूबर 2023 तक गोलीबारी की 408 घटनाएं दर्ज की गईं। नवंबर 2023 से अप्रैल 2024 तक 345 घटनाएं हुईं। मई 2024 से अब तक 112 घटनाएं सामने आई हैं।

## बर्थडे पार्टी से लौटते समय भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की दर्दनाक मौत

जालंधर (आरएनएस)। बर्थडे पार्टी से लौटते समय एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब युवकों की कार डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरी तरफ से आ रही एक कार से भिड़ गई।मृतकों में पहला युवक पंकज, जो फिल्लौर के मेहसोमपुर गांव का निवासी था, और दूसरा युवक दीपक बग्गा, जो जालंधर का रहने वाला एक टैक्सी ड्राइवर था। बताया जा रहा है कि दीपक लुधियाना से जालंधर की ओर लौट रहा था।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पचमढ़ी में रेशम विभाग के आउटलेट प्राकृत का अवलोकन किया

## मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया नववर्ष 2025 के कैलेंडर का अनावरण

चंडीगढ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को आज यहां नववर्ष 2025 के कैलेंडर का अनावरण किया। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, विधान सभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा और मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री ने देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि हम सभी प्रदेशवासी मिलकर इस प्रदेश को प्रगति के पथ पर और गति से आगे बढ़ाएंगे। इसके लिए नए वर्ष में हम नव संकल्प और नए उत्साह के साथ काम करेंगे।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के मेमोरियल को लेकर सरकार ने की परिवार से चर्चा, दिए गए कुछ विकल्प



नई दिल्ली (ए)। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के मेमोरियल को लेकर सरकार ने उनके परिवार से चर्चा की है। उनके परिवार को कुछ विकल्प भी दिए गए हैं, जिसमें स्मृति स्थल का भी विकल्प है। हालांकि इसके लिए ट्रस्ट बनाना जरूरी है।भारत में आर्थिक सुधारों के जनक कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का गुरुवार को निधन हो गया था। वह 92 साल के थे। सिंह ने देश के वित्त मंत्री के तौर पर भी काम किया था। प्रधानमंत्री के रूप में सिंह के कार्यकाल के दौरान मॉरीशस समेत कई प्रमुख देशों के साथ भारत के संबंधों में उल्लेखनीय सुधार हुआ था।

### बड़ी बेटी ने दी पिता को मुखाग्नि

मनमोहन सिंह का शनिवार को दिल्ली के निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजनाथ समेत कई नेताओं ने निगम बोध घाट पर पहुंच कर पूर्व पीएम के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की बड़ी बेटी ने पिता को मुखाग्नि दी। इसी के साथ पूर्व पीएम मनमोहन सिंह सदा के लिए पंचतत्व में विलीन हो गए।

### मनमोहन सिंह मेरे मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे- सोनिया

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन को अपने लिए बड़ी व्यक्तिगत क्षति करार दिया। उन्होंने कहा कि वह उनके लिए 'मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक' थे। सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग और भारत के लोग हमेशा इस बात पर गर्व करेंगे तथा आभारी रहेंगे कि मनमोहन सिंह ऐसे नेता थे, जिनका भारत की प्रगति और विकास में योगदान अतुलनीय है।




## देश को कांग्रेस और राहुल गांधी की जरूरत, आप ड्रामा पार्टी : बृजभूषण सिंह

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के दिल्ली में स्मारक बनाने से जुड़े कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार किया। पूर्व सांसद ने आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना पर धार्मिक स्थल से जुड़े फैसले लेने के आरोप पर भी तंज कसा।पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की दिल्ली में समाधि बनाने में अड़ंगा डाले जाने के कांग्रेस के आरोपों पर कहा कि ये बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है। भगवान करें कि कांग्रेस और राहुल गांधी 2025 में सीरियस हो जाएं। देश को उनकी जरूरत है। प्रधानमंत्री का वचन ही मंजूरी है, गृह मंत्री ने भी कह दिया और मंजूरी भी प्रदान कर दी। जब कह दिया तो कह दिया। इसके बाद इन लोगों को राजनीति नहीं करनी चाहिए।कांग्रेस और राहुल गांधी पर जुबानी हमला करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि लगातार, राहुल गांधी और कांग्रेस ऐसे मुद्दे उठा रही है, जिससे जनता का कोई सरोकार नहीं है। इनको जनता से जुड़े मुद्दे उठाने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस अपमान का आरोप लगा रही है। मेरा सवाल है कि क्या अपमान कर रही है? आपने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव का अपमान नहीं किया। नरसिम्हा राव की डेथ बॉडी कांग्रेस कार्यालय में नहीं ले जाने दिया।

## सैल्समैन की हत्या कर सडक दुर्घटना का रूप देना चाहा, दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

प्रतापगढ़ ,(आरएनएस)। करीब 10 दिन पहले थाना देवगढ़ इलाके के पुंगा तालाब के जंगल में मिले एक व्यक्ति के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों रूपेश चौधरी पुत्र जगदीश चन्द्र (33) निवासी पांच ईमली थाना प्रतापगढ एवं दीपक कलाल पुत्र सुनील (25) निवासी अचलपुर थाना सुहागपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने शराब ठेके की सेलिंग में से करीब 6.50 लाख रुपए के गबन के शक में मारपीट कर सेल्समैन की हत्या कर दी और हत्या को दुर्घटना का रूप देने के लिए शव व बाइक को जंगल में फेंक दिया। एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया कि 20 दिसम्बर को पुंगा तालाब के जंगल मे एक व्यक्ति की लाश पडी होने की सूचना पर सीओ धरियावद नानालाल सालवी और थानाधिकारी देवगढ मिश्री लाल मय जाप्ता के मौके पर पहुँचे। जहा एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली, नजदीक ही एक बरसाती नाले मे बाइक पडी हुई थी। अज्ञात लाश जिला चिकित्सालय में रखवा पहचान शुरू की गई।जिला चिकित्सालय में कल्याणपुर रोड थाना धरियावद निवासी अमर सिंह ने पुलिस को एक रिपोर्ट दी कि उनके परिवार में काका का लडका केसर सिंह करीब 6 महीनों से धरियावद रोड स्थित वाईन शॉप पर सेल्समेन का काम करता था। जिसके साथ मारपीट कर हत्या को एक्सीटेंड का रूप देने के लिए लाश व बाइक जंगल मे सडक किनारे फेंकी गई है।

## जीआरपी की गिरफ्त में चार शातिर, लाखों के फोन, गहने और लैपटॉप बरामद

गाजियाबाद (आरएनएस)। गाजियाबाद की जीआरपी पुलिस ने चार ऐसे शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो गाजियाबाद से दिल्ली की तरफ जाने वाली ट्रेनों से मोबाइल, गहने, लैपटॉप समेत अन्य कीमती सामान छीनकर फरार हो जाते थे। उनके पास से पुलिस ने लाखों रुपए के मोबाइल, गहने और लैपटॉप बरामद किए हैं। अब तक यह कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।पुलिस के मुताबिक पकड़े गए सभी आरोपी नशे के आदी हैं। सभी नशे की लत के लिए वारदातों को अंजाम देते थे। जीआरपी पुलिस के मुताबिक गाजियाबाद में चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी 20 से 24 साल की उम्र के हैं।


## :: अंतिम यात्रा ::



शोक संदेश

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पिता जी श्री नरेन्द्र कुमार सक्सेना(पूर्व महा प्रबंधक बी.एच.ई.एल) का आकास्मिक निधन 31/12/2024 को हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 02/01/2025 को समय 12 बजे निज निवास स्थान देवदार अपार्टमेंट D- 2 फर्स्ट फ्लोर ग्रीन मेडोस अरेरा हिल्स, भोपाल से भदभदा विश्राम घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

शोकाकुल :- पत्नी मंजुल सक्सेना (NITTTR)
पुत्र:- विवेक सक्सेना USA
पुत्र:- नमित सक्सेना USA
भाई:- रवि सक्सेना USA
भतीजा:- विनीत सक्सेना

**निज निवास स्थान:- देवदार अपार्टमेंट D- 2 फर्स्ट फ्लोर ग्रीन मेडोस अरेरा हिल्स, भोपाल मो.9893320988**

K ✌ K

राजधानी समाचार



गुरुवार 02 जनवरी 2025, सीहोर

दैनिक क्षितिज किरण 2

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान कल्याण के फैसले के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का माना आभार

## केंद्रीय कैबिनेट ने पीएम फसल बीमा योजना में 69 हजार करोड़ और 824 करोड़ के फंड फॉर इनोवेशन एण्ड टेक्नॉलोजी को दी मंजूरी



भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 69,515.71 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करने पर उनका आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने यह राशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही 824.77 करोड़ की लागत से फंड फॉर इनोवेशन एण्ड टेक्नॉलोजी को भी मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित ही ये अन्नदाताओं के हित में उठाया गया अहम कदम है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि विकास और किसान कल्याण के लिए संकल्पित प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2025 की शुरूआत अन्नदाता के हित में ऐतिहासिक पहल के साथ की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में डीएपी की कीमतों में वृद्धि होने पर भी देश के किसानों को अतिरिक्त सब्सिडी से उचित मूल्य पर ही डीएपी उपलब्ध करवाया जाएगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्री-मंडल ने डीएपी की निरन्तर उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए एक जनवरी 2025 से अगले आदेश तक की अवधि के लिए एनबीएस सब्सिडी (पोषक तत्व आधारित सब्सिडी) के परे डीएपी पर एकमुश्त विशेष पैकेज को 3 हजार प्रति मीट्रिक टन की दर से बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे किसानों की समृद्धि के संकल्प को साकार करने के साथ उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री सतत प्रयत्नशील हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के किसानों के सम्मान, स्वाभिमान और सुरक्षा की प्रतीक पीएम फसल बीमा योजना को निरंतर जारी रखने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा लिया गया निर्णय स्वागत योग्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री का मध्यप्रदेश के किसान बंधुओं की तरफ से हृदय से आभार भी माना है।

## चार जनवरी से नया सिस्टम बन रहा

भोपाल, (आरएनएस)। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार चार जनवरी स एक नया पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है। जिसका असर पहले हिमाचल और बर्फीले क्षेत्रों में होगा। उसके दो दिन बाद ग्वालियर से लेकर भोपाल तक तेज ठंड पड़ेगी। इन जिलों में कोल्ड डे की चेतावनी - मंदसौर, नीमच, जबलपुर, पन्ना, रायसेन, राजगढ़, बीना, छतरपुर और टीकमगढ़ शामिल हैं।

## जनवरी में 20 से 22 दिन पड़ेगी तेज ठंड

भोपाल,(आरएनएस)। मौसम विभाग के अनुसार जनवरी में 20 से 22 दिन तक शीतलहर और कोल्ड डे का असर रह सकता है। शुरुआती दो दिन ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के जिलों में शीतलहर का असर देखने को मिलेगा। इसके बाद पूरे प्रदेश में असर पड़ जाएगा।

## प्रदेश के इन जिलों में कोहरे की संभावना

भोपाल,(आरएनएस)। एक जनवरी 2025 की शुरुआत तेज ठंड और कोल्ड वेब के साथ होगी। नए साल पर मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, शहडोल, कटनी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर जिलों में घने कोहरे की संभावना जताई है। प्रदेश के ग्वालियर संभाग के साथ-साथ उज्जैन में सबसे ज्यादा ठंड पडने् और कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। वहीं जबलपुर, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल और सागर में भी कोहरा छाया रहेगा। अनुमान है कि जनवरी में 20 से 22 दिन तक शीतलहर ओर कोल्ड डे का असर देखने को मिल सकता है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पचमढ़ी में नागरिकों से भी भेंट की।

# नया साल नये आयामों के साथ प्रदेशवासियों के जीवन-पथ को ऊंचाईयों की ओर अग्रसर करेः जीतू पटवारी

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नए साल 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रदेशवासियों की खुशहाली और उन्नति की कामना की है। उन्होंने कहा कि नया वर्ष समतामूलक समावेशी समाज में प्रदेशवासियों के जीवन में सहजता, सरलता, सौम्यता का समावेश कर सफलता, सुदृढ़ता और सकारात्मकता की भावना जागृत हो और नये आयामों के साथ कीर्तिमान स्थापित कर अपने जीवन पथ को ऊंचाईयों की ओर अग्रसर करने में अपने कर्तव्यों का निर्वहन हो। श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेशवासी अमन-चैन, भाईचारे की भावना के साथ मिलजुल कर रहें। जो लोग अपना सामान्य जीवन जीने अपनी जरूरतों के लिये जद्दोजहद कर रहे हैं, उनकी जरूरतें, उनकी इच्छाएं पूर्ण हो, जो लाचार, वेवश और परेशान है, उन्हें उनकी हर समस्याओं से मुक्ति मिले, ताकि नये साल में उनके जीवन में नया प्रकाशपुंज स्थापित हो सके और सभी विकास पथ पर आगे बढ़ सके, ताकि हर चेहरे पर खुशियां मुस्कुरायें। श्री पटवारी ने प्रदेश के वर्तमान हालातों पर चिंता जाहिर करते हुये कहा कि प्रदेश कर्ज में डूबता जा रहा है, बेलगाम भ्रष्टाचार और



अपराध से प्रदेश अराजकता की ओर अपने पैर पसार रहा है। नशीले मादक पदार्थों की तस्करी, उसके सेवन से युवा वर्ग का भविष्य अंधकारमय हो रहा है और वह अपने उद्देष्यों से भटक रहा है, किसानों की दुर्दशाऔर महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाओं से प्रदेश पूरी दुनिया में शर्मसार हो रहा है। प्रदेशवासी इन सब परिस्थितियों से निजात पाने के लिए जन-जागरण अभियान चलाकर जागरूकता पैदा करें, वीणा उठायें, संकल्प ले, दृढ़इच्छाषक्ति पैदा करें, ताकि प्रदेश में अराजकता का माहौल निर्मित न हो सके। श्री पटवारी ने कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदेश की जनता से आग्रह किया कि कांग्रेस पार्टी पूरी जिम्मेदारी के साथ विपक्ष में अपना दायित्व निभा रही है।

## भोपाल-ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस में 05 सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाए

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 12198/12197 ग्वालियर-भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस में दिनांक 01.01.2025 से 05 सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से जोड़े गए हैं। इस परिवर्तन के बाद गाड़ी में 02 वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी, 01 कुर्सीयान श्रेणी, 16 सामान्य श्रेणी सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

## पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक ने मुख्यालय की राजभाषा मार्गदर्शिका-2025 का किया विमोचन

भोपाल (निप्र)। श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे के संरक्षण एवं मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे पर भारत सरकार की राजभाषा नीतियों का प्रभावी एवं कारगर अनुपालन किया जा रहा है। इस दिशा में नव वर्ष के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय, जबलपुर की राजभाषा मार्गदर्शिका-2025 का विमोचन श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के कर कमलों से किया गया। इस राजभाषा मार्गदर्शिका में राजभाषा संबंधी संवैधानिक प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम, नियम, गृह मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर लागू विभिन्न राजभाषा प्रोत्साहन एवं पुरस्कार योजनाओं सहित रेल कार्यालयों के विभागीय निरीक्षण के दौरान राजभाषा संबंधी निरीक्षण चैक लिस्ट का भी प्रकाशन किया गया है। इस मार्गदर्शिका में रेल अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दैनिक सरकारी कामकाज का विवरण भी दर्ज कर सकते हैं। इस अवसर पर मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, प्रज्ञेश निंबालकर, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य संरक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

## निशातपुरा स्टेशन तैयार, रेलवे बोर्ड की हरी झंडी का इंतजार

भोपाल,(आरएनएस)। भोपाल का चौथा रेलवे स्टेशन निशातपुरा बनकर तैयार है। यहां सभी तरह के काम कंपलीट हो चुके हैं। प्लेटफार्म का शेड बनकर तैयार है, यहां दो लिफ्ट लगाई जा चुकी हैं। पार्किंग की व्यवस्था भी हो चुकी है। नल लगाए गए हैं। स्टेशन की खास बात यह है कि यहां हरियाली बनाए रखने का खास ध्यान रखा गया है। प्लेटफार्म के आसपास प्लांटेशन किया गया है। प्लेटफार्म पर टिकट विंडो बन चुकी है। प्लेटफार्म के अलावा एसएंडटी विभाग के कम्युनिकेशन सिस्टम के कार्य भी पूरे किए जा चुके हैं। 2025 में इसका शुभारंभ किया जाएगा। इसको लेकर सांसद आलोक शर्मा ने रेल मंत्री को पत्र भी लिखा है। इस स्टेशन के शुरु होने के बाद बंगाल, गुजरात, मम्मू व दिल्ली जाने वाली कई ट्रेनों को हॉल्ट मिलेगा।

# वर्ष 2024 में पमरे की प्रमुख उपलब्धियां

## 181 किमी का इन्फ्रास्ट्रचर कमीशनिंग कर आधारभूत संरचनाओं का विकास एवं योजनाबद्ध तरीके से किया नेटवर्क का विस्तार

भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेल ने कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान ऑर्जिनेटिंग रेवन्यू, माल ढुलाई, इन्फ्रास्ट्रचर कमीशनिंग, नई लाइनें बिछाने/दोहरीकरण/तिहरीकरण, स्क्रैप बिक्री और इसके साथ ही सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण सहित विभिन्न श्रेणियों में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा वर्ष 2024 के दौरान पश्चिम मध्य रेल की लगभग 4870 करोड़ लागत की 17 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। इसके साथ ही लोकल उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल एवं स्टेशनों पर सस्ती एवं जेनरिक दवाइयाँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। वर्ष 2024 के दौरान रेल मंत्रालय द्वारा संपूर्ण भारतीय रेलवे पर किये गए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्राप्त पुरस्कारों में लेखा एवं वित्त प्रबंधन और कार्मिक प्रबंधन शील्ड पश्चिम मध्य रेल को प्रदान की गई है। रेलवे बोर्ड स्तर की दक्षता शील्ड रेलमंत्री जी द्वारा पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय को प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त पश्चिम मध्य रेल के एक अधिकारी एवं एक कर्मचारी को भी व्यक्तिगत रूप से अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

**कैलेंडर वर्ष 2024 में पमरे की प्रमुख उपलब्धियां नीचे दी गई हैं**

1) ऑर्जिनेटिंग रेवन्यू एवं माल ढुलाई- पमरे ने वर्ष 2023 के 54 मिलियन टन की तुलना में वर्ष 2024 के दौरान 55 मिलियन टन की माल ढुलाई की है, और इस तरह से माल ढुलाई में लगभग 2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2024 के दौरान 8241 करोड़ 22 लाख रुपये का ऑर्जिनेटिंग राजस्व हासिल किया है, व्यवसाय विकास इकाइयों के ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण एवं कार्यकलापों के साथ-साथ अत?यंत प्रभावकारी नीति निर्माण से पमरे को यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने में काफी मदद मिली है। 2) नॉन फेयर रेवन्यू (संड्री आय)- पमरे ने संड्री आय के तहत वर्ष 2023 के 172 करोड़ 16 लाख रुपये की तुलना में वर्ष 2024 के दौरान 249 करोड़ 21 लाख रुपये का नॉन फेयर रेवन्यू हासिल किया है जो लगभग 45 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि है। 3) पीओएच (पीरियोडिक ओवर हॉलिंग)- पमरे द्वारा कोचों और वैगनों का रूटीन ओवर हॉलिंग करके अधिक से अधिक पीओएच (पीरियोडिक ओवर हॉलिंग) आउटटर्न किया। सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना (सीआरडब्लूएस) भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में 1368 कोचों की तुलना में वर्ष 2024 के दौरान 1408 कोचों का अनुरक्षण कर आउटटर्न किया।

## नये साल की सारी रात सड़को पर पुलिस रही मुस्तैद, नहीं हुई अनहोनी

भोपाल(ए)। नये साल की रात आमजन द्वारा जोश-खरोश के साथ मनाये जा रहे जश्न के दौरान राजधानी पुलिस शहर की सुरक्षा-व्यवस्था और किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने के लिये सारी रात सड़को पर तैनात रही। जानकारी के अनुसार नये साल की रात शहर में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये 165 फिक्स



पिकेट, 72 पेट्रोलिंग वाहन चेकिंग, 6 स्टेटिक पाईंटो पर 100 चेकिंग पाईंटों पर डेढ़ हजार पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किये गये थे। इनमें 40 पुलिस कर्मचारी बॉडी वार्म कैमरों से लैस होकर मौके पर मौजूद रहे। चेकिंग के दौरान लगभग 700 दो और चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान 75 वाहन चालकों द्वारा शराब के नशे में वाहन चलाया जाना पाये जाने पर चालान बनाये गये। ड्रिंक एंड ड्राइव के साथ ही 216 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी पुलिस ने वाहन चालको के खिलाफ चालानी कार्यवाही की। वहीं 21 चाकूबाजो, गुंडे बदमाशों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए उन्हें जेल भेजा और 123 निगरानों बदमाशों को चेक किया गया। अधिकारियो ने बताया कि भोपाल पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ की गई प्रभावी कार्यवाही के चलते नये साल की रात में कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं हुई।

## ट्रेन तीन घंटे से ज्यादा लेट, तो टिकट कैंसिल कराने पर पूरा रिफंड मिलेगा

भोपाल,(आरएनएस)। इन दिनों दिल्ली, यूपी महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में कोहरे का खासा असर है। इसके चलते ट्रेनों को धीमी गति से चलाया जा रहा है। ऐसे में ट्रेनें पांच से आठ घंटे तक लेट हो रही हैं। सीयिर डीसीएम सौरभ कटारिया का कहना है कि ट्रेन तीन घंटे से अधिक लेट होने पर टिकट कैंसिल कराया जाता है तो किराया पूरा रिफंड होगा। उनका कहना है कि भोपाल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष हेल्प डेस्क और सहयोग काउंटर खोलने की तैयारी है। इन काउंटरों पर लेट होने वाली ट्रेनों की जानकारी दली जाएगी। इन काउंटरों पर वाणिज्य विभाग के कर्मचारी 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। कटारिया के अनुसारा कोहरे के कारण लेट ट्रेनों के यात्रियों को ज्यादा समय वेटिंग रूम में रुकने पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा।

# 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन

## मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे उद्घाटन



भोपाल (निप्र)। म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन) राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद् (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार) संयुक्त रूप से स्कूली छात्रों हेतु 31 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन दिनांक 03 से 06 जनवरी, 2025 को रविन्द्र भवन, भोपाल में किया जा रहा है। जिसमें पूरे देश के समस्त प्रदेशों से 700 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षकों के साथ ही गल्फ कॉपरेटिव कांउसिल के देश (बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान, कतर एवं सउदी अरब) के विद्यार्थी भी भाग लेंगे। उक्त कार्यक्रम भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रवर्तित है एवं आयोजन की थीम स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना ("Understanding Ecosystem for health and Well - Being") है। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न् विषयों पर तकनीकी सत्र, विभिन्न विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित होगी। उक्त कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों एवं छात्रों के मध्य प्रतिदिन फेस टू फेस संवाद भी आयोजित होगा।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस एक राष्ट्रीय विज्ञान संचार कार्यक्रम है जिसकी शुरुआत वर्ष 1993 में हुई थी। यह भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद का एक कार्यक्रम है। यह 10-17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए एक मंच है, जो औपचारिक स्कूल प्रणाली और बाहर के बच्चों को अपनी रचनात्मकता और नवाचार प्रदर्शित करने और विशेष रूप से वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग करके स्थानीय स्तर पर अनुभव की गई सामाजिक समस्या को हल करने की उनकी क्षमता को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता है।

## हाई कोर्ट के आदेश पर कचरा भेजा जा रहा, जिसे आपत्ति है, कोर्ट जाएं : शाह

भोपाल(आरएनएस)। यूनियन कार्बाइड से 337 टन कचरे के पीथमपुर में निष्पादन का भाजपा में ही विरोध के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करेगी। गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के मंत्री विजय शाह का कहना है कि कचरा निष्पादन की कार्यवाही लंबे समय से अटकी है। उच्च न्यायालय के आदेश पर कचरा निष्पादन के लिए पीथमपुर भेजा जा रहा है। आदेश का पालन करते हुए ही विभागीय अधिकारी कार्य में जुटे हैं। इसमें केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम भी शामिल है। अब अगर किसी को इस प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज करानी है तो वह नयायालय के समक्ष जा सकता है। वहीं संचालक गेस राहत एवं पुनर्वास विभाग स्वतंत्र कुमार सिंह ने भी कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के परिपालन में कचरे का निष्पादन किया जा रहा है। इस पर यदि किसी को आपत्ति है तो वह अपना पक्ष माननीय उच्च न्यायालय के सक्ष रख सकता है।

# 09371/09372 डॉ. अंबेडकर नगर-बलिया- डॉ. अंबेडकर नगर महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन 04-04 ट्रिप

## भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंजबासौदा एवं बीना स्टेशन से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाकुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 09371/09372 डॉ. अंबेडकर नगर - बलिया - डॉ. अंबेडकर नगर महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन 04-04 ट्रिप चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंजबासौदा एवं बीना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 09371 डॉ. अंबेडकर नगर-बलिया महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 04 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 09371 डॉ. अंबेडकर नगर-बलिया महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 22, 25 जनवरी 2025 एवं 8, 22 फरवरी 2025 को डॉ. अंबेडकर नगर स्टेशन से दोपहर 13.45 बजे प्रस्थान कर, 19.10 बजे संत हिरदाराम नगर, 20.40 बजे विदिशा, 21.10 बजे गंजबासौदा, 23.05 बजे बीना एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन शाम 19.15 बजे बलिया स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 09372 बलिया-डॉ. अंबेडकर नगर महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 04 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 09372 बलिया-डॉ. अंबेडकर नगर महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 23, 26 जनवरी 2025 एवं 9, 23 फरवरी 2025 को रात्रि 23.45 बजे बलिया स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन 21.55 बजे बीना, 22.36 बजे गंजबासौदा, 23.06 बजे विदिशा, अगले दिन 00.15 बजे



संत हिरदाराम नगर एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 05.30 बजे डॉ. अंबेडकर नगर स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में इंदौर जंक्शन, उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंजबासौदा, बीना जंक्शन, लालितपुर जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन, उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर जंक्शन, औंरीहार जंक्शन, गाजीपुर सिटी स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच संरचना**

इस विशेष ट्रेन में 12 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 20 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

## फार्मेसी कोर्सेस की स्वीकृति के लिए 15 तक कर सकेंगे आवेदन

भोपाल,(आरएनएस)। फार्मेसी काउंसलिंग ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए फार्मेसी कोर्सेस को स्वीकृति देने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। इसके लिए पोर्टल ओपन कर दिया गया है। सभी मौजूदा संस्थान 15 जनवरी 2025 तक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यह प्रक्रिया डीफार्मा, बीफार्मा, एमफार्मा और फार्मा-डी कोर्स की निरंतरता, नए पाठ्यक्रम शुरु करने, सीटों की वृद्धि या अन्य सेवाओं के लिए खुली है। संस्थान पीसीआई के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ राज्य सरकार की एनओसी, संबद्धता सहमति पत्र और आवश्यक शुल्क जका करना अनिवार्य है।

# नववर्ष पर भक्तों की भीड़, किसी ने चढ़ाया चांदी का मुकुट तो किसी ने महाकाल बाबा को दिया धन्यवाद





उज्जैन (ए.)। कालों के काल बाबा महाकाल के दरबार में वैसे तो बुधवार को हजारों श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शनों का लाभ लेने के लिए विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे थे, लेकिन इन श्रद्धालुओं में कुछ श्रद्धालु ऐसे श्रद्धालु भी थे जिनकी मनोकामना बाबा महाकाल ने पूर्ण कर दी है। यह श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन करने के साथ ही उन्हें दिल से धन्यवाद देने और नववर्ष पर उनका आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर पहुंचे थे। भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंची जलगांव महाराष्ट्र की गायत्री विवेक जोशी ने पहले परिवार के साथ बाबा महाकाल के दर्शनों का लाभ लिया और उसके बाद ढाई किलो चांदी का मुकुट बाबा महाकाल को अर्पित किया। बाबा महाकाल को यह मुकुट अर्पित करने वाली गायत्री जोशी ने बताया कि आज हमारे पास जो भी है वह बाबा महाकाल की कृपा से है। आज से एक वर्ष पूर्व हम मोटरसाइकिल से बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिए जलगांव महाराष्ट्र से उज्जैन आए थे। उस समय हमारी स्थिति कुछ ऐसी थी कि हमारे पास यहां आने के लिए बस का किराया भी नहीं था जैसे तैसे रुपए इकट्ठे कर हम बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे। लेकिन बाबा महाकाल की कृपा से आज हम साधन संपन्न हैं इसीलिए बाबा महाकाल को ढाई किलो चांदी का मुकुट चढ़ाने आए हैं। वहीं ग्वालियर से उज्जैन आए रोहित पांचाल ने बताया कि मेरा बेटा कैंसर पेशेंट था एक और उसका कीमो चल रहा था तो दूसरी और उसका ट्रांसप्लांट भी करवाया गया था लेकिन मैंने बाबा महाकाल से कामना की थी कि अब सबकुछ आपके ही हवाले है।

## बाबा महाकाल के दर्शन कर भक्तों ने की नववर्ष की शुरुआत, रात 3 बजे से लगी थी मंदिर में कतार

उज्जैन । धार्मिक नगरी उज्जैन में श्रद्धालु हर नए काम की शुरुआत बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेकर करते हैं। नववर्ष की सुबह लाखों भक्त विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां रात 3 बजे से ही महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दिव्य दर्शनों का लाभ लेने के लिए श्रद्धालु कतारबद्ध नजर आ रहे थे।

भस्म आरती की शुरुआत होते ही श्रद्धालु जय श्री महाकाल का उद्घोष करते हुए बैरिकेट्स में पहुंचे, जहां उन्होंने चलित भस्म आरती के माध्यम से बाबा महाकाल के निराकार से साकार स्वरूप के दर्शन किए और नववर्ष पर अपने इष्ट देव बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने के साथ ही सुख समृद्धि की कामना भी की।

## जमीन विवाद में युवक के साथ मारपीट, गंभीर हालत में अस्पताल में कराया गया भर्ती, इलाज के दौरान मौत



शहडोल (ए.)। शहडोल जिले में जमीनी विवाद को लेकर हुए झगड़े में परिवार के लोगों ने मिलकर एक युवक की पिटाई कर दी। मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से नाराज परिजन थाने पहुंचे, जहां उन्होंने जमकर हंगामा किया। इसके बाद परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी पहुंचे और एसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसपी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया किया। घटना जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम शक्ति डोल की है।

जानकारी के अनुसार, जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम शक्ति डोल में 28 दिसंबर को जमीन विवाद में लेकर झगड़ा हुआ था। इसमें तीन लोगों ने मिलकर हेतराम पर हमला कर दिया। हमले में हेतराम गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे शहडोल के बाद जबलपुर रेफर किया गया, 31 दिसंबर को उसकी मौत हो गई।

हेतराम की मौत के बाद परिजन आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाने की मांग को लेकर थाने पहुंचे। इसके बाद परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एसपी से न्याय की मांग की। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की

**मामले की जांच की जा रही**

बताया गया है कि पारिवारिक जमीनी रंजिश के चलते दूर के रिश्तेदार शिवभान सिंह और उसके तीन अन्य साथियों ने मिलकर धारदार हथियार से हेतराम पर हमला किया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं, जांच के आधार पर आरोपियों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। थाना प्रभारी जयसिंहनगर एसपी चतुर्वेदी ने कहा कि जमीनी विवाद के कारण झगड़ा हुआ था, जिसमें हेतराम घायल हुआ और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की गहन जांच जारी है।

## सस्ता सोना दिलाने का झांसा देकर 2 करोड़ से ज्यादा ठगे, आरोपी गिरफ्तार, विदेश भागने की फिराक में था



सागर(ए.)। सागर जिले में सस्ता सोना दिलाने का लालच देकर एक व्यक्ति से 2 करोड़ 2 लाख 59 हजार रुपए की ठगी कर फरार हुए शख्स को पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। आरोपी विदेश भागने की फिराक में एयरपोर्ट पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 34 लाख रुपए बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार शहर के मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि बाघराज वार्ड निवासी विकास तिवारी ने थाने में आवेदन दिया था। उन्होंने बताया कि आरोपी नितिन बलेचा ने सस्ता सोना दिलाने का लालच देकर उनसे 2 करोड़ 2 लाख 59 हजार रुपए विभिन्न खातों में डलवाए। लेकिन, उसने सोना नहीं दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नितिन बलेचा विदेश से दिल्ली आता-जाता रहता है और इन दिनों दिल्ली में है। वह फिर से विदेश भागने की फिराक में है। पुलिस टीम ने तुरंत दिल्ली रवाना होकर आरोपी की लोकेशन का पता लगाया और उसे दिल्ली एयरपोर्ट से हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध करना स्वीकार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से 34 लाख रुपए बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर लिया गया। इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## कलेक्शन एजेंट से लूट का मास्टरमाइंड निकला रूम पार्टनर, दो आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

जबलपुर (ए.)। संजीवनी नगर थानांतर्गत कलेक्शन एजेंट के साथ हुई लूट की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। लूट का मास्टरमाइंड कलेक्शन एजेंट का रूम पार्टनर निकला। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे गए 75 हजार रुपये और दो मोबाइल बरामद किए हैं। तीन अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी सरगर्मी से तलाश जारी है।

सीएसपी गोरखपुर एच. आर. पांडे से प्राप्त जानकारी के अनुसार विवेक कुमार काछी (29), निवासी धनवंतरी नगर, भारत फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट का काम करता है। वह 11 दिसंबर की सुबह कंपनी का बैग और टैबलेट लेकर अपनी मोटरसाइकिल से कलेक्शन के लिए निकला था। कलेक्शन के कुल 1,56,455 रुपये लेकर वह ग्राम जमुनिया से वापस ऑफिस लौट रहा था।

## जयगुरुदेव आश्रम आ रहे भोपाल के श्रद्धालुओं की बस खेत में उतरी, हादसे में 12 लोग घायल



उज्जैन (ए.)। उज्जैन जिले के मक्सी रोड स्थित विजयागंज मंडी के पास एक बस असंतुलित होकर सड़क से नीचे खाई में गिर गई। हादसे में बस में सवार 12 लोग घायल हो गए। नववर्ष के मौके पर जयगुरुदेव के 50 से ज्यादा अनुयायी बस में सवार होकर भोपाल से उज्जैन के पिंगलेश्वर स्थित बाबा जयगुरुदेव के आश्रम आ रहे थे। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 4 बजे विजयागंज मंडी के समीप हुई।

भोपाल से 50 से अधिक अनुयायी बस में सवार होकर उज्जैन के पिंगलेश्वर स्थित बाबा जयगुरुदेव के आश्रम में नया साल मनाने आ रहे थे। श्रद्धालुओं से भरी बस क्रमांक MP 09 AC 7874 विजयागंज मंडी के समीप से गुजर रही थी। इसी दौरान चालक को नींद की झपकी लगी और बस का संतुलन बिगड़ गया, जिससे बस सड़क मार्ग से उतरकर नीचे खाई में जा गिरी।

बस में सवार छह लोग गंभीर घायल हो गए, जबकि छह अन्य लोगों को हल्की चोटें आईं। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल लेकर आई। ज्यादा चोट लगने पर दो यात्रियों को भर्ती करना पड़ा।

# रेप केस में तुरंत न्याय दिलाएं सीएम, जीतू पटवारी ने पूछा ये कैसा मप्र बना रही भाजपा



इंदौर (ए.)। इंदौर में चार साल की बच्ची से रेप के मामले में विरोध बढ़ता ही जा रहा है। मंगलवार रात द्वारकापुरी थाने के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस मामले में दो आरोपियों को पकड़ा गया है। एक की उम्र 17 और एक की उम्र 12 साल है। 17 वर्षीय आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा है, दूसरे आरोपी को परिजन के पास ही रखा गया है। द्वारकापुरी थाने के टीआई आशीष सप्रे ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में तुरंत ही एफआईआर दर्ज कर ली थी। पाक्सो में केस दर्ज किया गया है। पड़ोसियों के बयान होना बाकि हैं, जल्द ही चालान पेश कर दिया जाएगा। परिजन आरोपियों के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, जो भी न्याय संगत होगा कार्रवाई की जाएगी।

**बेसुध हो गई थी बालिका**

द्वारकापुरी इलाके में शुक्रवार दोपहर 4 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया था। बच्ची को घर में अकेला देख 17 वर्षीय नाबालिग ने दुष्कर्म किया। आरोपी एक नाबालिग साथी को घर के बाहर खड़ा कर छत के रास्ते बच्ची के घर में घुसा था। घटना से बालिका बेसुध हो गई थी। उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा था। दूसरे आरोपी की उम्र 12 साल है।

**बुलडोजर एक्शन पर अड़े बालिका के परिजन**

बालिका के परिजन मांग कर रहे हैं कि केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाना चाहिए और आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलना चाहिए। मंगलवार रात लोग प्रेम प्रकाश आश्रम पर जमा हुए और यहां से फूटी कोठी तक गए।

## प्लास्टिक फैक्टरी से चोरी की गई सामग्री बेचकर आरोपियों ने खरीदी नई बाइक, पुलिस के हत्थे चढ़े तीन आरोपी




दमोह (ए.)। दमोह जिले के देहात थाना क्षेत्र के जबलपुर नाका चौकी अंतर्गत आने वाले मारूताल उद्योग नगरी क्षेत्र में प्लास्टिक फैक्टरी में चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में दो अन्य स्थानों पर की गई चोरियों का खुलासा हुआ है।

देहात थाना प्रभारी मनीष सिंह ने बताया कि प्लास्टिक फैक्टरी के मालिक संदीप चौरसिया ने तीन दिन पहले शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने फैक्टरी के दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में रखी एक बाइक सहित फैक्टरी के अंदर उपयोग में आने वाले उपकरण चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने अग्रवाल दाल मिल के पीछे रहने वाले आरोपी शंकर पिता राजेश यादव को पकड़ा। पूछताछ में उसने फैक्टरी में चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही जिस बाइक से चोरी करने गए थे, वह भी सागर बस स्टैंड से चोरी करना बताया। आरोपियों ने कुछ दिन पहले देहात थाना क्षेत्र में अपने दो नाबालिग साथियों के साथ बाइक चोरी करने की बात भी कबूल की। उन्होंने चोरी में मिले पैसों से नई बाइक खरीदने की योजना बनाई थी। पुलिस ने आरोपी शंकर यादव और दो नाबालिग बालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

**व्यापार समाचार**

# 2024 में कंपनियों ने आईपीओ के जरिए 1.67 लाख करोड़ जुटाए, एनएसई का मार्केट कैप 438.9 लाख करोड़ हुआ




नई दिल्ली (ए.)। भारतीय शेयर बाजार ने 2024 में पर्याप्त वृद्धि देखी। लिस्टिंग, बाजार पूंजीकरण, निवेशक भागीदारी और फंड जुटाने में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर है। एनएसई की वार्षिक रिपोर्ट के आंकड़ों से पता चलता है कि 31 दिसंबर, 2024 तक कुल 2,671 कंपनियां स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध थी, 2023 में यह आंकड़ा 2,527 का था। इन सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2023 के अंत में 361.05 लाख करोड़ रुपये (4.34 ट्रिलियन डॉलर) था जो 2024 में 21.5 प्रतिशत बढ़कर 438.9 लाख करोड़ रुपये (5.13 ट्रिलियन डॉलर) हो गया।

**एनएसई पर मुख्य खंड में 90 और एसएमई खंड में 178 कंपनियां हुईं सूचीबद्ध**

2024 में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 1.67 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए। इस दौरान 90 कंपनियां मुख्य खंड में सूचीबद्ध हुईं। सबसे बड़ा आईपीओ हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का था, जिसने रिकॉर्ड 27,859 करोड़ रुपये जुटाए। लघु व मध्यम उद्यम (एसएमई) खंड में भी उल्लेखनीय गतिविधि देखी गई। जिसमें 178 कंपनियों ने आईपीओ के माध्यम से 7,348 करोड़ रुपये जुटाए। 2024 में प्राथमिक इक्विटी बाजारों के माध्यम से जुटाई गई कुल राशि, जिसमें आईपीओ, एफपीओ और राइट्स इश्यू शामिल हैं, लगभग 3.98 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

**निफ्टी नेक्स्ट50 में 27.4% का इजाफा**

एनएसई निफ्टी50 ने 2024 में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की और 31 दिसंबर, 2024 तक 23,645 स्तर पर पहुंच गई। 2023 के अंत में यह 21,731 के स्तर पर थी। दिलचस्प बात यह है कि निफ्टी नेक्स्ट50 में 27.4 प्रतिशत की सबसे अधिक वृद्धि दिखी और यह साल के आखिरी दिन 67,988 पर बंद हुई। निफ्टी मिडकैप50 और निफ्टी स्मॉलकैप50 जैसे अन्य सूचकांकों में भी क्रमश: 21.5 प्रतिशत और 25.3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

**एनएसई पर निवेशकों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 27.2% बढ़ी**

एनएसई के वार्षिक आंकड़ों से पता चलता है कि कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2024 में जीडीपी अनुपात की तुलना में बढ़कर 145 प्रतिशत हो गया। 2023 में यह 117% था। यह आंकड़ा घरेलू इक्विटी बाजारों के मजबूत प्रदर्शन का सबूत है। निवेशकों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 27.2त्न की वृद्धि देखी गई। 26 दिसंबर, 2024 तक निवेशकों की संख्या 10.9 करोड़ पर पहुंच गई। निफ्टी सूचकांकों पर निर्भर फंड्स के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी दिखी।

## भारत रक्षा के अलावा बहुत कुछ करने की स्थिति में, नए साल के संदेश में बोले आनंद महिंद्रा



नई दिल्ली (ए.)। भारत वैश्विक गठबंधनों में बदलाव के अवसर का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक क्षमता को बढ़ा सकता है और वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रणाली में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रह सकती है। महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने अपने नए साल के संदेश में यह बात कही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत सिर्फ अपनी रक्षा करने के अलावा और भी बहुत कुछ करने की स्थिति में है।

नए साल पर समूह के कर्मचारियों को भेजे गए संदेश में महिंद्रा ने कहा कि भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंध अधिकाधिक लेन-देन वाले बन सकते हैं, यह राष्ट्रीय हित और राष्ट्रीय ताकत के दम पर संचालित होंगे। महिंद्रा ने लिखा, ''वैश्विक स्तर पर पिछले कुछ वर्ष झटकों, बदलावों और अनिश्चितताओं से भरे रहे हैं। बीता वर्ष भी इसका अपवाद नहीं है। हम एक परिवर्तनशील विश्व देख रहे हैं, जहां परस्पर निर्भरता और समतल विश्व अतीत की बातें हो सकती हैं।''

महिंद्रा ने कहा, ''भारत अपनी रक्षा करने के अलावा और भी बहुत कुछ करने की स्थिति में है...यह सैन्य शक्ति का प्रदर्शन कर सकता है। यह राजनीतिक स्थिरता का दावा कर सकता है, जो इसके मजबूत लोकतंत्र पर आधारित है जो आम चुनाव में पूरी तरह से प्रदर्शित हुआ। आम चुनाव में एक अरब से अधिक लोगों के देश ने निर्बाध, शांतिपूर्ण व प्रभावी ढंग से मतदान किया।''

# नए साल के पहले दिन पेट्रोलियम कंपनियों ने दिया तोहफा, एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में कटौती



नई दिल्ली (ए.)। नए साल 2025 के पहले दिन पेट्रोलियम कंपनियों ने खास तोहफा दिया है। 01 जनवरी 2025 की पहली सुबह एलपीजी गैस के ग्राहकों के लिए राहत भरी रही। ऑयल एंड गैस मार्केटिंग कंपनियों ने पहली जनवरी से एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती का एलान किया है। दिल्ली से मुंबई तक में गैस सिलेंडर की कीमतों में 14-16 रुपये प्रति सिलेंडर की कमी की गई है। हालांकि, फिलहाल ये कटौती सिर्फ 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई है। वाणिज्यिक एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडरों का इस्तेमाल होटलों व रेस्तरां में किया जाता है। घरेलू रसोई गैस यानी 14 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 14.50 रुपए घटकर 1804 रुपये हो गईं हैं। वहीं पहले इसके लिए 1818.50 चुकाने पड़ रहे थे। कोलकाता में एक जनवरी से कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतें 16 रुपए घटकर 1911 रुपये हो गईं, पहले इसकी कीमत 1927 रुपये थी।

## 2024 में एनएसई का मार्केट कैप 21 प्रतिशत बढ़कर 438 लाख करोड़ हुआ, 301 कंपनियां हुई लिस्ट

मुबंई (ए.) । भारतीय शेयर बाजार के लिए 2024 ऐतिहासिक रहा। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मार्केट कैप 31 दिसंबर, 2024 तक सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 438.9 लाख करोड़ रुपये (5.13 ट्रिलियन डॉलर) हो गया है, जो कि 29 दिसंबर, 2023 को 361.05 लाख करोड़ रुपये (4.34 ट्रिलियन डॉलर) था।

एनएसई द्वारा मंगलवार को जारी किए गए डेटा में बताया गया कि 2024 में एनएसई पर कुल 301 कंपनियां लिस्ट हुई हैं। इसमें से 90 मेनबोर्ड और 178 एसएमई कंपनियां थी। वहीं, 33 कंपनियों की डायरेक्ट लिस्टिंग हुई है।


2024 में 90 मेनबोर्ड कंपनियों का आईपीओ आया था। इन सभी कंपनियों ने कुल मिलाकर 1.59 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। मेनबोर्ड कंपनियों में औसत आईपीओ साइज 1,772 करोड़ रुपये था। इस साल सबसे बड़ा आईपीओ हुंडई मोटर इंडिया ने पेश किया था। इसका साइज 27,859 करोड़ रुपये था। सबसे छोटा 72 करोड़ रुपये का आईपीओ विभोर स्टील ट्यूब द्वारा पेश किया गया

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## रुझान बढ़ती गैर-बराबरी का ही संकेत

कॉरपोरेट सेक्टर की उदारता और मौज–मस्ती पर धनी तबके के अधिक खर्च की बढ़ी प्रवृत्ति से एयर लाइन उद्योग में और चमक आएगी। मगर विडंबना यह है कि ये चमक जिस विशाल दलदल के बीच मौजूद है, उसका भुरभुरापन बढ़ता ही जा रहा है। विमानन कंपनियां खुश हैं कि भारत में बिजनेस क्लास में यात्रा करने का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। ट्रेवल एजेंसियां भी खुश हैं। इस क्लास का टिकट कटवाने पर उन्हें ज्यादा कमीशन मिल रहा है। इन एजेंसियों के मुताबिक भारतीय अब विमान यात्रा के बेहतर अनुभव को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। कॉरपोरेट्स अपने अधिकारियों को बेहतर सुविधा देने पर उदारता से खर्च कर रहे हैं। नतीजतन छुट्टियों के इस सीजन में बिजनेस क्लास की टिकट बिक्री में ऑनलाइन ट्रेवल एजेंसी मेक माई ट्रिप के मुताबिक 50 प्रतिशत और क्लीयरट्रिप के मुताबिक 60 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। खासकर जो लोग विदेश यात्राएं करते हैं, उनमें बिजनेस क्लास का आकर्षण तेजी से बढ़ा है। इस रुझान को देखते हुए देशी और विदेशी विमानन कंपनियां अपने विमानों में इस सुविधा को बढ़ाने में जुटी हैं।और ऐसा सरकारी नीतियों और कॉरपोरेट सेक्टर के अधिक से अधिक वित्तीय कारोबार में शामिल होते जाने के कारण हुआ है। दूसरी तरफ इन नीतियों का ही परिणाम है कि करोड़ों मेहनतकश कर्मचारियों की वास्तविक आय गिरती चली गई है। परिणामस्वरूप उपभोग और मांग बाजार से गायब होते जा रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक 2019 में दी गई कॉरपोरेट टैक्स छूट से पिछले पांच साल में अतिरिक्त लगभग छह लाख करोड़ रुपये कॉरपोरेट्स की जेब में गए हैं। इस रकम का उत्पादक निवेश करने के बजाय कॉरपोरेट्स ने अपने अधिकारियों की मौज–मस्ती बढ़ाई है। स्पष्टतः ये रुझान बढ़ती गैर–बराबरी का ही संकेत है।




केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया.

# ग्रामीण महिलाओं के समृद्धि की ओर बढ़ते कदम

–सोनिया परिहार

प्रदेश सरकार का महिला मिशन महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ–साथ उन्हें सम्मान और सुरक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। सरकार ने महिलाओं के समग्र विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। इस मिशन के तहत, महिलाओं को उद्यमिता, कौशल विकास, शिक्षा और रोजगार के अधिक अवसर दिये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) ने ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं का प्रभाव ग्रामीण परिवारों के जीवन में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत गरीब परिवार के लगभग 62 लाख सदस्यों को, लगभग 5 लाख स्व–सहायता समूहों से जोडा गया है। इनमें से लगभग 15 लाख परिवारों की सालाना आय न्यूनतम 1 लाख से अधिक अथवा करीब 10–12 हजार रुपये महीने तक पहुंची है। यह आंकडे मध्यप्रदेश में आर्थिक उन्नयन के प्रयासों की सफलता को दर्शाते हैं।

0–समूहों के माध्यम से छोटे–छोटे व्यवसायों की शुरुआत इस मिशन के तहत महिलाओं को स्व सहायता समूह बनाकर कई प्रकार के व्यवसायों की शुरुआत करने का अवसर मिला। इन व्यवसायों में स्कूली ड्रेस सिलाई, पोषण आहार का संचालन, टोल टैक्स बैरियर प्रबंधन, राशन की दुकानों का संचालन, जल प्रबंधन, पंचायतों में कर संग्रहण और सड़कों के रख–रखाव जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। इससे महिला सशक्तिकरण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली। मिशन के समूहों से जुड़े परिवारों को आजीविका के एक से अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के लिये लगातार प्रशिक्षण, मार्गदर्शन के साथ–साथ वित्तीय सहयोग भी दिया जा रहा है।

विगत एक वर्ष में मिशन के अंतर्गत 48,655 महिलाओं को स्व–सहायता समूहों से जोड़ा जा चुका है। इसके साथ ही 479 ग्राम संगठन (व्ही.ओ.) और 35 संकुल स्तरीय संगठन (सी.एल.एफ) स्थापित किए गए हैं, जो ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उनके सामाजिक–आर्थिक उत्थान में योगदान दे रहे हैं।

मिशन ने 21,860 स्व–सहायता समूहों को कुल 43.57 करोड़ रुपये परिक्रामी निधि (रिवाल्विंग



फण्ड) और 14,657 समूहों को 129.92 करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) प्रदान की है। इसके अलावा, विभिन्न बैंकों से 1,38,192 समूहों को 3,115 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त हुआ है, जो इन समूहों के आर्थिक विकास में सहायक बन रहा है।

0–नवीनतम तकनीकी और उद्योग आधारित आजीविका अवसर स्वयं सहायता समूहों को स्थायी व्यवसाय और आजीविका के उद्देश्य से नमो ड्रोन दीदी योजना प्रारम्भ की गयी। यह योजना महिला स्वयं सहायता समूहों को कृषि प्रयोजनों के लिए किसानों को ड्रोन किराए पर देने में सक्षम बनाती है नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नवीन तरल उर्वरकों के पत्तों पर छिड़काव के लिए ड्रोन का उपयोग से कृषि में उन्नत तकनीक की शुरुआत करती है। योजना मे इस वर्ष प्रदेश की 89 महिलाओं को ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा, फर्टिलाइजर कंपनियों द्वारा ड्रोन भी उपलब्ध कराए गए हैं, जो कृषि कार्यों में आधुनिक तकनीकी का उपयोग बढ़ा रहे हैं।

0–कृषि और पशुपालन में नई दिशा कृषि, पशुपालन, दुग्ध उत्पादनतथा गैर वानकी लघु वनोपज संग्रहणके क्षेत्र में भी आजीविका मिशन द्वारा बडे पैमाने पर समूह सदस्यों को संगठित कर प्रोड्यूसर कंपनियों से जोड कर लाभान्वित किया गया है। प्रदेश में गठित 135 प्रोड्यूसर कंपनियों के माध्यम से कृषि, कुक्कुट पालन, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, लघु वनोपज आदि के क्षेत्र में नई क्रांति लाने में कामयावी मिली है।

मध्यप्रदेश में आजीविका मिशन द्वारा 2,84,000 परिवारों को कृषि और पशुपालन आधारित आजीविका गतिविधियों से जोड़ा गया है। किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 10.83 लाख टन अनाज का उपार्जन किया गया है, जिससे किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सका है। इसके अलावा, 7 किसान उत्पादक कंपनियों का गठन किया गया है, जिनमें 928 समूह सदस्यों को जोड़ा गया है। ये कंपनियां किसानों को उनके उत्पादों के बेहतर विपणन और मूल्य में वृद्धि के लिए सहायता प्रदान कर रही हैं।

0–दीदी कैफे: केन्द्र सरकार के सौ दिनों में लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य मिलने के बाद मध्यप्रदेश में 96 हजार 240 बहनें लखपति दीदी बन गईं। इनको मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से वित्तीय सहायता, बाज़ार सहायता एवं तकनीकी सहायता दी गई है। इनके स्व–सहायता समूहों के उत्पादों की पहुंच बड़े बाजारों तक बनाने के लिये डिजीटल प्लेटफार्म पर लाकर ऑनलाईन मार्केटिंग की जा रही है। प्रदेश में लगभग 46,000 परिवारों को गैर कृषि आधारित लघु उद्यम गतिविधियों से जोड़ा गया है और 20 नए दीदी कैफे की शुरुआत की गई है। इन कैफे के माध्यम से महिलाएं अपनी आजीविका चला रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में नई रोजगार के अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। यह गर्व का विषय है कि 25 अगस्त 2024 को जलगांव (महाराष्ट्र) में हुए लखपति दीदी सम्मेलन मे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुना जिले की लखपति दीदी श्रीमती गंगा अहिरवार को सम्मानित किया गया ।

0–आजीविका मार्ट और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना: आजीविका मार्ट, भोपाल द्वारा पिछले एक वर्ष में 9.73 करोड़ रुपये की बिक्री की गई है, जो ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार में स्थापित करने का एक सफल उदाहरण है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (PMFME) के तहत 1,217 समूह सदस्यों को 348.38 लाख रुपये का सीड कैपिटल अनुदान प्रदान किया गया है, जिससे उनके छोटे–छोटे खाद्य प्रसंस्करण उद्यम को बढ़ावा मिला है।

0–लखपति दीदी और मिलेट आधारित आजीविका संवर्धन: लखपति दीदी इनिशिएटिव कार्यक्रम के तहत 13.69 लाख महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनका उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। लखपति दीदी संगीता मालवीय ने 25 अगस्त 2024 को जलगांव (महाराष्ट्र) में हुए लखपति दीदी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संवाद करने का अवसर मिला। इसके साथ ही मिलेट आधारित आजीविका संवर्धन के तहत 9,000 महिला समूहों को मिलेट उपार्जन और प्रसंस्करण गतिविधियों से जोड़ा गया है। जिले डिण्डौरी और सिंगरौली में आधुनिक मिलेट प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की गई हैं, जो इन महिलाओं के लिए नई आजीविका के अवसर पैदा कर रही हैं।

0–ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर: आजीविका मिशन के तहत 79,634 ग्रामीण युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं। डी.डी.यू.जी.के.वाई. और आरसेटी के माध्यम से इन युवाओं को रोजगारोन्मुखी और स्वरोजगार प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे उनकी जीवनशैली में सुधार आया है।

0–राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण की ओर एक कदम: महिला समूह सदस्यों ने पात्रता अनुसार शासन की योजनाओं का आगे बढकर लाभ लिया है। स्वच्छता अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पर्यावरण संरक्षण, बचत, बैंकिंग, डिजीटल लेन–देन, सुरक्षा बीमा आदि क्षेत्रों में उनके द्वारा न केवल स्वयं लाभ लिया गया है अपितु दूसरेलाभार्थियोंके लिए मददगार भी बनी है। घरेलू हिंसा में कमी, लिंग भेद में कमी लाने के प्रयास करना तथा अन्य शासकीय अभियानों, शासकीय योजनाओं तथा सामुदायिक विकास के मुद्दों तथा निगरानी में भागीदारी बढी है।

# भारतीय समानांतर सिनेमा का पिता श्याम बेनेगल

अजय कुमार शर्मा

अपनी पहली ही फिल्म 'अंकुर' से हिन्दी सिनेमा को सृजनात्मक सिनेमाई अभिव्यक्ति की एक नई, सुंदर और सार्थक पूंजी देने वाले श्याम बेनेगल का अवसान हिन्दी सिने इतिहास के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण काल का मानो पटाक्षेप है। उन्हें भारतीय समानांतर सिनेमा का पिता कहा गया लेकिन वह उससे कहीं ज्यादा थे। हालांकि वह स्वयं समानांतर सिनेमा शब्द से सहमत नहीं थे। 2009 में बीबीसी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, यह सिनेमा मुख्य सिनेमा से हट कर है, या इस तरह की फिल्मों से मनोरंजन नहीं होता। मैं इस तरह की बातों से कभी सहमत नहीं रहा। हर निर्माता–निर्देशक का फिल्म बनाने का अलग तरीका होता है। मुझे लगा कि आम ढर्रे की फिल्मों में कुछ अलग करने का स्कोप नहीं तो मैंने यह रास्ता चुना।'

गैर–हिन्दीभाषी होते हुए भी हिन्दी फिल्म बनाने वाले श्याम बेनेगल के सिनेमा को किसी खास खांचे में डाल कर वर्गीकृत करना बड़ा मुश्किल है। यह टाइप होकर भी टाइप्ड नहीं है और लाउड होकर भी लाउड नहीं है। समानांतर सिनेमा आंदोलन के दौरान बेनेगल द्वारा निर्देशित फिल्मों–अंकुर' (1974), चरनदास चोर' (1975), निशांत' (1975), मंथन' (1976), भूमिका' (1977), कोंडूरा', जुनून' (1978), कलयुग' (1981), आरोहण' (1982), मंडी' (1983), त्रिकाल' (1985), सुष्मन' (1987), अन्तरनाद' (1991), सूरज का सातवां घोड़ा' (1993) आदि तो महत्त्वपूर्ण हैं ही, बल्कि इस दौर के बीतने के बाद भी उन्होंने मम्मो (1994), सरदारी बेगम, द मेकिंग ऑफ द महात्मा (1996), समर (1999), हरी भरी, जुबैदा (2000) जैसी अनेक सार्थक फिल्में भी बनाई। दूरदर्शन के लिए यात्रा', कथा सागर', अमरावती की कथाएं', भारत एक खोज' जैसे चर्चित धारावाहिक भी बनाए। उन्होंने इक्कीसवीं सदी के आरंभ में सुभाष चंद्र बोस : द फॉरगॉटन हीरो'(2004), वेलकम टू सज्जनपुर' (2008) और वेलडन अब्बा' (2009) फिल्में बनाई और 2014 में संविधान' जैसा महत्त्वाकांक्षी धारावाहिक लेकर राज्य सभा टीवी' चैनल पर आए। बेनेगल के सिनेमा में कथानक, संगीत और नृत्य प्रमुख तत्त्व के रूप में उभर कर सामने आते हैं। देहाती बोली और रहन–सहन की बारीकियों की समझ उनमें है। वे महत्त्वपूर्ण विषयों पर यथार्थवादी शैली में सबकी समझ में आने वाली फिल्में बनाते हैं, जो सामाजिक और समस्यापरक तो हैं पर अंत में समस्या के स्पष्ट समाधान की बजाय प्रतीकात्मक आशावाद को प्रस्तुत करते नजर आते हैं। बेनेगल के पात्र साधारण हैं पर असाधारण चरित्र हैं; जो सामान्य परिस्थितियों में जीते हैं पर असामान्य स्थितियों में रहते हैं। बेनेगल के सिनेमा का मूलभूत तत्त्व है नायक या नायिका की अपने परिवार, समाज, संसार के बंधनों से मुक्त होकर स्वच्छंदता और पूर्णता की चाह।रिश्तों के दबावों और सामाजिक रूढियों–कुरीतियों से मुक्त करके अपनी जड़ों की विश्वस्त जमीन से असुरक्षित आकाश में स्थापित करने की बेनेगल की यह सोच कइयों को सतही, रूमानी, फंतासी यहां तक कि घातक भी प्रतीत हो सकती है लेकिन उनकी नजर में नारी ही नहीं, यह पूरी मानवता की भलाई के लिए आवश्यक है।

बेनेगल की नायिका परिस्थितियों की शिकार होने के बावजूद झुकती और टूटती नहीं है। जानती है कि पुरुषों के चेहरे बदलते हैं, बिस्तर बदलते हैं, पर वे नहीं बदलते। बेनेगल अपनी परंपरा, जड़ों, अपने बीते युग की ओर लौटने के ख्वाब नहीं देखते। किसी स्वर्णिम अतीत का आकषर्ण उन्हें नहीं जकड़ता। आधुनिक सभ्यता की तमाम विकृतियों, नैतिक मूल्यों के ह्रास के बावजूद वे पिछड़े ग्रामीणों को देश की मुख्यधारा में जोडने़ के पक्षधर हैं। उनकी कई फिल्मों में वर्गसंघर्ष और जातिद्वंद्व भी है पर बेनेगल न जटिल हैं, न ही लाउड। वे नारेबाजी में विश्वास नहीं रखते, फिर चाहे नारेबाजी जनवाद या साम्यवाद के समर्थन में ही क्यों न हो। क्रांति की बजाय बेनेगल का विश्वास सामाजिक चेतना जगाने में है। इस लिहाज से देखे जाने पर बेनेगल का सिनेमा श्रेष्ठ सिनेमा है, जिसमें व्यावसायिक और कला, दोनों सिनेमाओं का मिशण्रहै। हिन्दी सिनेमा में उनके योगदान के बारे में उनके साथ लगभग 35 साल तक काम कर चुके अभिनेता और पटकथा लेखक अतुल तिवारी उन्हें गेटवे ऑफ इंडियन सिनेमा' की उपाधि देते हैं। श्याम बेनेगल के साथ समर', वेलकम टू सज्जनपुर' और वेलडन अब्बा' जैसी फिल्में लिख चुके अशोक मिश्र उन्हें देश की नब्ज समझने वाले ऐसे प्रगतिशील और समर्थ निर्देशक के रूप में याद करते हैं, जिन्होंने जनता को हर बार नये और रोचक किस्सों से रूबरू कराया। कभी कुछ रिपीट नहीं किया।




# आज का राशिफल

मेष राशि: आज किसी सोच में गुम रह सकते है, इससे आपके काम की गति धीमी होगी। किसी के प्रति अपनी राय को अपने तक ही सीमित रखना आपको धन की प्राप्ति होगी। आज किसी जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का प्रोग्राम आपको कैंसिल करना पड़ सकता है। आज तली–भुनी चीजों को खाने से आपको बचना चाहिए।

वृष राशि: आज कामकाज में आप थोड़े बिजी हो सकते हैं। किसी खास काम के लिए परिवार के लोगों को आपसे उम्मीदें होगी जिन पर आप खरे उतरेंगे । लम्बे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे। कारोबारियों को कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होगा। माता–पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा।

मिथुन राशि: आज कार्यक्षमता के बल पर आपको आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। आप कोई जरुरी घरेलू काम निपटाने में सफल रहेंगे। धन से जुड़ी चिंताएं छूमंतर हो जाएगी। आपको रुके हुए धन की प्राप्ति भी होगी। जो लोग मार्केटिंग के काम से जुड़े हैं, उन्हें तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे। आज दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी।

कर्क राशि: आज आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कार्यों में लगायेंगे। इस राशि के सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलेगी। आपको अपनी मेहनत के हिसाब से फल की प्राप्ति होगी। अगर आप बिजनेस में अनुभवी लोगों की सलाह लेकर आग बढ़ेंगे, तो आपको मुनाफा मिलने की संभावना है। आज आपके मन में कई तरह के सवाल भी रहेंगे।

सिंह राशि: आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक स्तर पर आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। आज कार्यक्षेत्र में आपको पुरानी पहचान का फायदा मिलेगा। रुके हुए सारे काम आसानी से पूरे होंगे। आपके जीवन में खुशियाँ ही खुशियाँ आयेंगी। आज घर–परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। इस राशि के छात्र अपना समय अध्ययन में लगाएंगे, इससे आपको सफलता मिलेगी। आप सुबह के समय वर्क आउट शुरू कर सकते हैं, जिससे आप चुस्त–दुरुस्त बने रहेंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप खुद को ऊर्जा से भरा हुआ फील करेंगे। आपको जल्दबाजी में कोई फैसला करने से बचना चाहिए। पिता की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ बिताये गए कुछ पल आपके रिश्ते को और भी मजबूत बनाएंगे। लेकिन मित्रों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ी बहस होने की संभावना बन रही है। आपके अत्यधिक क्रोध से कोई बना हुआ काम बिगड़ भी सकता है, इसलिए आपको अपने गुस्से पर पूर्ण रूप से नियंत्रण रखना चाहिए।

तुला राशि: आज आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे। ऑफिस में उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न होंगे। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। आज करियर में आपको कोई बड़ी सफलता हासिल होगी। आपका सकारात्मक रवैया आपको जीवन में बेहतरी दिलायेगा। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे आपका कुछ अच्छा खाने का मन करेंगा लेकिन इस बात का खास खयाल रखें की जो आप खा रहे है वो हैल्दी हो। आपके घर–परिवार का वातावरण शांतिदायक बना रहेगा। आपका आध्यात्मिकता की ओर रुझान बढ़ेगी।

वृश्चिक राशि: आज आपको किसी से कोई उपहार मिलेगा। इससे आपका मन खुश रहेगा। आज परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त–दुरुस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा–पूरा सहयोग मिलेगा। कुछ लोग आपसे प्रभावित होंगे , साथ ही वो आपसे जुड़ने की कोशिश भी करेंगे। आज बिजनेसमैन को बेहतर मौका मिलेगा। आज आप में कॉन्फिडेंस ज्यादा रहेगा। आपके भौतिक सुख–सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी।

धनु राशि: आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। करियर को आगे बढ़ने में आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आपको सुबह के समय टहलना चाहिए। आप नकारात्मक सोच रखकर स्वयं को थोड़ा उदास रख सकते हैं। परिवार वालों के साथ किसी टूर का प्लान बनाएंगे। लेन–देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है।

मकर राशि: आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आप जरूरतमंद लोगों की तरफ मदद का हाथ बढ़ेंगे। किसी भी तरह के बड़े निवेश में किसी अनुभवी की सलाह लेना बेहतर रहेगा छात्रों को अधिक मेहनत करने की जरूरत है। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। आज आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। आपकी सेहत में उतार–चढ़ाव बना रहेगा, जिससे काम में मन थोड़ा कम ही लग पाएगा।

कुंभ राशि: आज आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता हो सकती है। आज नौकरी पेशा लोगों को तरक्की के अवसर मिलेंगे। आपको व्यापार में मुनाफा होने की उम्मीद है। स्टूडेंट्स को अपने सब्जेक्ट में आ रही प्रॉब्लम्स का हल मिलेगा। परिवारवालों के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे।

मीन राशि: सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार घर में रौनक का माहौल बना देगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है।

# देश में बेरोजगारी की दर चिंताजनक

शशि झा

बेरोजगारी का मुद्दा 2014 से ही, जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार केंद्र में सत्तासीन हुई, नासूर बनता रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बढने़ के बावजूद बेरोजगारी को लेकर विपक्षी दल भी लगातार हमलावर रहे हैं, और सरकार अक्सर बचाव की मुद्रा में खड़ी नजर आई है। सरकार का दावा है कि स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी उसकी नीतियों और कार्यक्रमों या अंतरिक्ष और रक्षा सेक्टरों में सुधार के केंद्र में महिलाओं समेत देश की युवा आबादी है पर सरकारी आंकड़े ही उसके दावों की पोल खोलते नजर आते हैं। नवम्बर के आखिर में लोक सभा में एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि वित्त वर्ष 2013–24 में भारत में 15–29 वर्ष के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर 10.2 फीसद थी।विडंबना यह है कि एक तरफ जहां देश में बेरोजगारी की दर चिंताजनक है, वहीं केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में लाखों रिक्तियां खाली पड़ी हैं, जिन्हें भरा नहीं जा रहा है। इनमें इसरो, रेलवे, गृह मंत्रालय जैसे अहम मंत्रालय और विभाग भी शामिल हैं। सुरक्षा ढांचा और इससे जुड़े बलों में बड़े स्तर पर पदों को न भरे जाने की वजह से पिछले दिनों संसद की सुरक्षा में सेंध लगने की भी खबरें आई। बेरोजगारी की समस्या के इतने गंभीर होने के बावजूद रिक्तियों को भरने की जगह बड़ी संख्या में सरकारी विभागों में निम्न श्रेणी में संविदा पर कर्मचारियों जबकि वरिष्ठ पदों पर सलाहकारों की भर्ती से काम चलाया जाता है।

सरकार बेशक, दावा करती रही है कि पदों का रिक्त होना और उन्हें भरा जाना निरंतर प्रक्रिया रही है, और उनके विवरण संबंधित मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (एसएससी), रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (आरआरबी), इंस्टीच्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (आईबीपीएस) आदि जैसी संबंधित रिक्रूटमेंट एजेंसियों के पास होते हैं। सरकार समय–समय पर और समयबद्ध तरीके से मिशन मोड में उन्हें भरने के लिए मंत्रालयों और विभागों को निर्देश देती रहती है, और इसी क्रम में उन्हें भरने के लिए रोजगार मेलों का देश के अलग–अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में आयोजन करती रहती है।हाल में आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश के लगभग 80 विभागों में लगभग 10 लाख से अधिक पद रिक्त हैं। इनमें इसरो, रेलवे, गृह मंत्रालय जैसे



अहम मंत्रालय और विभाग शामिल हैं। गौरतलब है कि भारत विविध प्रकार के श्रम बलों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्याओं में से एक है, पर बेरोजगारी दर भारतीय अर्थव्यवस्था को व्यय, आर्थिक वृद्धि, रोजगार के अवसरों आदि में कमी जैसे कई प्रकार से प्रभावित करती रही है। जाहिर है कि अगर बेरोजगारी दर अधिक है, तो इससे आर्थिक प्रगति में बाधा पहुंचती है, और इसकी वजह से सामाजिक अशांति भी फैल सकती है जबकि अगर बेरोजगारी दर कम है, तो इससे उन्नतिशील रोजगार बाजार और बढ़ती अर्थव्यवस्था का संकेत मिलता है। देश के नीति–निर्धारकों का फोकस रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति के लिए रणनीतियां बनाने पर रहता तो है पर उसके ज्यादा सार्थक परिणाम निकलते दिखाई नहीं दे रहे। उदाहरण के तौर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक पदों पर रिक्तियों की कमी तत्काल और विशिष्ट स्वास्थ्य देखभाल से लोगों को वंचित रखती है। सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग 50 प्रतिशत रिक्त रहने का अनुमान है।

ग्रामीण क्षेत्रों में तो यह कमी और भी अधिक है, जहां 80 प्रतिशत तक पद रिक्त पड़े हैं। यही वजह है कि हमारी ग्रामीण आबादी को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर तक बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। राज्य सभा में रेल मंत्री अिनी वैष्णव द्वारा दिए गए एक उत्तर के अनुसार, भारतीय रेल में 2.5 लाख से भी अधिक पद खाली पड़े हैं। जाहिर है कि इतने सारे पदों के रिक्त रहने से सुविधाएं भी प्राप्त नहीं होतीं और यात्रियों की सुरक्षा भी हमेशा सांसत में बनी रहती है। देश के विभिन्न न्यायालयों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं जबकि न्यायाधीशों के हजारों पद रिक्त हैं। यही वजह है कि मामलों के निपटान में सालों लग जाते हैं। गृह मंत्रालय में सीआरपीएफ, बीएसएफ और दिल्ली पुलिस सहित विभिन्न संगठनों में लाख से अधिक पद रिक्त बताए जाते हैं। ये रिक्तियां हजारों की संख्या में ए, बी और सी जैसे विभिन्न ग्रुपों में हैं। त्रासदी यह है कि जहां देश के युवाओं में सरकारी नौकरियां पाने की मारामारी है, लगभग सभी सरकारी विभागों में बड़े पैमाने पर पद खाली पड़े हुए हैं, जिससे देश की दक्षता और कुशलता प्रभावित हो रही है। देश में नौकरी न मिलने के कारण युवा इस्राइल और दूसरे युद्ध प्रभावित देशों में रोजगार के लिए जाने और अपनी जान को दांव पर लगाने के लिए मजबूर हैं। सरकार की कोशिश कृषि के आधुनिकीकरण, ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास तथा ग्रामीण उद्योगों के लिए कौशल प्रशिक्षण जैसी ग्रामीण विकास संबंधी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के द्वारा इन क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि करने की है।

सरकारी व्यय में वृद्धि, निजी निवेश को बढ़ाने, निजी–सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) को प्रोत्साहित करने, व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने, शिक्षा और कौशल में बढ़ोतरी करने, खुद की व्यावसायिक क्षमता विकसित करने और प्रौद्योगिकी विकास पर फोकस करने के जरिए भी बेरोजगारी को कम किया जा सकता है। पदों के व्यापक स्तर पर रिक्त रहने के कारण सरकार के मंत्रालयों और दूसरे विभागों में वर्तमान कर्मचारियों के पास पहले से ही इतने अतिरिक्त काम हैं कि उनसे दक्षता की उम्मीद करना बेमानी है। पद रिक्त न रहें, इसके लिए भर्ती प्रक्रिया को युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता है ताकि तत्काल कार्रवाई करते हुए पदों के रिक्त होते ही उन्हें भरा जा सके।





# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डीएपी के लिए 3,850 करोड़ रुपये के एकबारगी विशेष पैकेज को मंजूरी दी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक



नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डीएपी के लिए 3,850 करोड़ रुपये के एकबारगी विशेष पैकेज को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि तेजी से मूल्यांकन, तेजी से दावा निपटान और कम विवादों के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी के लिए 800 करोड़ रुपये का फंड बनाया गया है। उन्होंने दाावा किया कि कवरेज बढ़ाने और नामांकन को आसान बनाने के लिए, पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाने का फैसला किया है। मंत्री ने बताया कि पूर्वोत्तर के लिए फंडिंग पैटर्न और हिमालयी राज्यों के लिए 90:10 है, और अन्य राज्यों के लिए 50:50 है। प्रीमियम हिस्सेदारी बीमा मूल्य के 1.5 प्रतिशत से 5 प्रतिशत पर पूर्वनिर्धारित की गई है। 88 प्रतिशत बीमित किसान सीमांत पृष्ठभूमि से हैं और 57 प्रतिशत बीमित किसान हैं किसान ओबीसी, एससी और एसटी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को 1,350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम बैग पर डीएपी मिलता रहेगा, जिसकी कीमत अन्य देशों में 3,000 रुपये से अधिक है। उन्होंने बताया कि इस पैकेज पर लगभग 3,850 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि 2014 से, पीएम मोदीजी ने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव का खामियाजा न भुगतना पड़े। 2014-24 तक उर्वरक सब्सिडी 11.9 लाख करोड़ रुपये थी जो 2004-14 से दी गई सब्सिडी के दोगुने से भी अधिक है।

### महाराष्ट्र के जलगांव में दो गुटों के बीच पथराव-आगजनी, कर्फ्यू लगाया गया

जलगांव (आरएनएस)। महाराष्ट्र के जलगांव जिला स्थित पलाधी गांव में बीती रात दो गुटों के बीच टकराव के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। यह विवाद वाहन के हॉर्न बजाने को लेकर शुरू हुआ। कथित तौर पर विवाद तब शुरू हुआ जब शिवसेना मंत्री गुलाबराव पाटिल के परिवार को ले जा रहे वाहन चालक ने हॉर्न बजाया, जिससे लोग नाराज हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कहासुनी मंगलवार साढ़े नौ बजे के यह विवाद मारपीट में बदल गया और जल्द ही इसने पथराव और आगजनी का रूप ले लिया। गुस्साई भीड़ ने दुकानों और वाहनों में आग लगा दी और पथराव किया। घटना के बाद जलगांव के विभिन्न इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने इस मामले में 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और करीब 10 लोगों को हिरासत में लिया है। एहतियातन कर्फ्यू लगा दिया गया है। मामले की जांच जारी है।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने नई दिल्ली में जगन्नाथ मंदिर का दौरा किया।

## नए साल पर बड़ा तोहफा सस्ता हुआ एलपीजी सिलेंडर! कीमतों में कटौती हुई, जानिए नई कीमत दरें



नई दिल्ली (ए)। नए साल की शुरुआत ही में ग्राहकों को बड़ा तोहफा मिल गया है। 1 जनवरी से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कटौती की गई है, जिससे नए साल में लोगों को राहत मिली है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1,818.5 से घटकर 1,804 हो गई है। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बुधवार को ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में भी 1.54 फीसदी की गिरावट आई। हाल ही में कीमतों में कटौती एलपीजी की कीमतों में लगातार पांच महीनों की बढ़ोतरी के बाद की गई है। पांच बार की गई बढ़ोतरी में एलपीजी की कीमतों में 19 किलोग्राम के सिलेंडर के दाम 172.5 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है। आपको बता दें कि, अगस्त से पहले, कीमतो में 4 बार की कटौती के कारण 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत में 148 रुपये की कमी आई थी।

अलग-अलग शहरों में एलपीजी की कीमतें

-अब मुंबई में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत अब 1,756 रुपये है।

- कोलकाता में इसकी कीमत 1,911 रुपये और चेन्नई में 1,966 रुपये है।

### बलिया में मंत्री संजय निषाद के काफिले की एक गाड़ी पलटी, पांच घायल

बलिया (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश बलिया के खेजुरी थाना क्षेत्र के पास मंगलवार की देर रात्रि निषाद पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के काफिले के संग चल रही एक गाड़ी पलट गयी। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को काफिले के संग चल रहे लोगों ने आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया।निषाद पार्टी के सोशल मीडिया प्रभारी और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के सहयोगी राकेश निषाद ने बताया कि हम लोग मंत्री जी के काफिले में चल रहे थे कि अचानक मोड़ आने पर गाड़ी पलट गई और गाड़ी सवार पांच लोग घायल हो गए। हालांकि हम लोगों को भगवान ने बचा लिया। उन्होंने बताया कि संवैधानिक रथ यात्रा में शामिल होने के लिए गोरखपुर से बलिया निकले थे। तभी यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि हादसे में कुल पांच लोग घायल हुए हैं। जिसमें तीन अभी भर्ती हैं जबकि दो लोग रात में डिस्चार्ज हो गए हैं। अभी सभी लोग ठीक हैं। हादसे के समय मंत्री जी की गाड़ी आगे थी। जब घायल हुए तो वह हम लोगों को अस्पताल में भर्ती कराने आए थे। वह रातभर अस्पताल में बैठे थे। सभी लोग अलग-अलग जिले के रहने वाले हैं। मंत्री संजय निषाद ने बताया कि यह लोग गाड़ी से पीछे चल रहे थे कि अचानक जानवर आ गए।

## वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली में बनेगा कॉलेज, पीएम मोदी रख सकते हैं आधारशिला

नई दिल्ली (ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध एक कॉलेज की नींव रख सकते हैं। विश्वविद्यालय के सूत्रों ने बताया कि इसके साथ ही उनके पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली में दिल्ली विश्वविद्यालय परिसरों के दो नए परिसरों की नींव रखने की भी संभावना है। प्रधानमंत्री 3 जनवरी को आधारशिला रखेंगे। सावरकर के नाम पर कॉलेज को डीयू की कार्यकारी परिषद ने 2021 में मंजूरी दे दी है। इसे 140 करोड़ रुपये की अस्थायी लागत पर बनाया जाएगा। सूत्रों ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय ने प्रधान मंत्री को निमंत्रण दिया है, और प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) से पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहा है। इसके अलावा, सूरजमल विहार में प्रस्तावित पूर्वी परिसर 373 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर स्थापित किया जाएगा। पश्चिमी परिसर द्वारका में बनाया जाएगा



और इस पर 107 करोड़ रुपये खर्च होने की उम्मीद है। 2021 में, डीयू की कार्यकारी परिषद ने दिवंगत भाजपा नेता और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के नाम पर एक कॉलेज का नाम रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। डीयू के कुलपति योगेश सिंह को नामों के पूल से दो आगामी कॉलेजों के लिए नाम चुनने का अधिकार दिया गया था। अन्य नाम जो पूल का हिस्सा थे, उनमें स्वामी विवेकानन्द, वल्लभभाई पटेल, अटल बिहारी वाजपेयी और सावित्रीबाई फुले शामिल थे। विश्वविद्यालय ने दो कॉलेजों की स्थापना के लिए नजफगढ़ और फतेहपुर बेरी में दो भूखंड आवंटित किए हैं।

### तीन अलग-अलग थानों की पुलिस ने मुठभेड़ में छह बदमाशों को किया गिरफ्तार

नोएडा (आरएनएस)। नोएडा में नए साल का आगाज होते ही तीन अलग-अलग थानों की पुलिस ने बीती देर रात मुठभेड़ में छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अवैध हथियार, चोरी की बिना नंबर प्लेट की बाइक और चोरी का अन्य सामान बरामद हुआ है। पहला एनकाउंटर थाना फेस-2 पुलिस और मोबाइल टावरों के आरआरयू और अन्य कीमती उपकरण चोरी करने वाले वांछित बदमाश के साथ हुई। पुलिस के मुताबिक 1 जनवरी को थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा केंट आरओ चौराहे पर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक बिना नम्बर की बाइक पर सवार व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया जो नहीं रुका और तेजी से निम्मी विहार की तरफ भागने लगा।

### अनियंत्रित होकर बाइक नहर में गिरी, तीन युवकों की मौत

सासाराम (आरएनएस)। बिहार के रोहतास जिले के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक बाइक के अनियंत्रित होकर नहर में गिरने से तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, सासाराम के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक अपनी बहन के घर नटवार गांव उसका जन्मदिन मनाने गए थे और देर रात वापस गुनसेज गांव आ रहे थे। इस बीच, रास्ते में ही बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। सुबह में जब कुछ लोग उस सड़क की ओर निकले तब लोगों ने शव देखा और घटना की जानकारी हुई। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना के बाद सूर्यपुरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया है।



पटना में नववर्ष 2025 के पहले दिन महावीर मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु।

## रोपवे परियोजना के खिलाफ एक सप्ताह के बंद के बाद कटरा में सामान्य स्थिति बहाल




कटरा/जम्मू (ए)। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में प्रस्तावित रोपवे परियोजना के खिलाफ सात दिन के बंद के बाद कटरा में सामान्य व्यावसायिक गतिविधियां बहाल हो गईं। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए 18 लोगों को भी रिहा कर दिया गया, जिसके बाद कटरा में रात भर जश्न मनाया गया। एक अधिकारी ने कहा, एक सप्ताह के बंद के बाद सभी दुकानें, रेस्तरां और व्यावसायिक प्रतिष्ठान फिर से खुल गए जबकि वाहनों की आवाजाही भी बहाल हो गई, जिससे तीर्थयात्रियों को राहत मिली। सामान्य स्थिति बहाल होने के साथ ही साल के पहले दिन सैकड़ों तीर्थयात्री गुफा मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ पड़े तथा कटरा और भवन के प्रवेश द्वारों पर लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। पुणे निवासी सुरेश कदम ने कहा, हम बहुत खुश हैं कि बंद समाप्त हो गया। इससे हमें काफी असुविधा हो रही थी। हम नए साल के पहले दिन यहां पूजा-अर्चना करने आए हैं। श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने पिछले बुधवार को बंद का आह्वान करते हुए घोषणा की थी कि कटरा में सभी गतिविधियां बंद रहेंगी। समिति के विरोध प्रदर्शन के आह्वान के बाद मंगलवार को सातवें दिन भी सभी दुकानें, रेस्तरां और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे तथा सड़कों से वाहन नदारद रहे। समिति के एक प्रवक्ता ने कहा, कुछ नेताओं सहित हिरासत में लिए गए 18 लोगों को रात करीब एक बजे रियासी और उधमपुर जेलों से रिहा कर दिया गया। उसके बाद वे कटरा पहुंचे जहां सैकड़ों लोगों ने उनका स्वागत किया।

### नववर्ष 2025 सभी के लिए मंगलमय हो, विकास के पथ पर प्रदेश यूं ही आगे बढता रहे : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष 2025 सभी के लिए मंगलमय हो, विकास के पथ पर प्रदेश यूं ही आगे बढता रहे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में हरियाणा अपनी अग्रणी भूमिका निभाए। इसके लिए प्रदेश के सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। मुख्यमंत्री मंगलवार सांय अम्बाला शहर पुलिस लाईन मैदान में आयोजित पांच दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता परिवार के तत्वाधान में इस गीता सत्संग का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिओ गीता को अपने स्वैच्छिक कोष से 11 लाख देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में 27 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक दिव्य गीता सत्संग का आयोजन हुआ है जिसमें सभी श्रद्धालुओं को श्रीमदभगवदगीता का ज्ञान मिला है।

## नए साल पर शिमला पहुंचे पर्यटक, बर्फबारी का कर रहे इंतजार

शिमला (आरएनएस) ।नए साल से पहले हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। शिमला में पर्यटक नए साल के बीच बर्फबारी का आनंद लेने भी पहुंचते हैं। इस बार बर्फबारी में देरी की वजह से पर्यटक इंतजार कर रहे हैं। इन दिनों यहां होटल 90 फीसदी तक भरे हैं। अनुमान के मुताबिक, अगर पर्यटकों का तांता ऐसे ही लगा रहा तो 31 दिसंबर तक होटल पूरी तरह भर जाएंगे। नए साल की छुट्टियां मनाने के लिए पर्यटक शिमला के प्रमुख आकर्षण स्थलों पर जा रहे हैं और बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं। होटल और रिसॉर्ट्स में रुकने के लिए बड़ी संख्या में बुकिंग हो चुकी है। शिमला के वातावरण में खुशी और उत्साह का माहौल है, और पर्यटक इस समय यहां के सुंदर दृश्य और ताजगी का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं।दिल्ली के दिलशाद गार्डन के रहने वाले मोहम्मद साद ने बताया, जब हम यहां पहुंचे थे, तो बर्फबारी हो रही थी और न्यू ईयर मनाने के लिए हम शिमला आए थे। हमने क्रिसमस का जश्न यहां नहीं मनाया, लेकिन न्यू ईयर इंजॉय करने के लिए यहां आए हैं।

## अरविंद केजरीवाल ने मोहन भागवत को लिखी चिट्ठी, संघ प्रमुख से पूछे कई सवाल

नई दिल्ली(आरएनएस)। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखा। पत्र में केजरीवाल ने लिखा है, भाजपा ने अतीत में जो भी गलत किया है, क्या आरएसएस उसका समर्थन करता है? भाजपा नेता खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, क्या आरएसएस वोट खरीदने का समर्थन करता है? दलित और पूर्वांचली वोट बड़े पैमाने पर काटे जा रहे हैं, क्या आरएसएस को लगता है कि यह लोकतंत्र के लिए सही है?अरविंद केजरीवाल और बीजेपी एक दूसरे पर वोटर्स लिस्ट को लेकर आरोप लगा रहे हैं. केजरीवाल ने इससे पहले कहा कि बीजेपी दिल्ली में वोट कटवा रही है. जो सही



मतदाता हैं, उनके वोट काटने की साजिश की जा रही है. साथ ही पूर्व सीएम ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में इनका (बीजेपी का) ऑपरेशन लोटस 15 दिसंबर से चल रहा है. इन 15 दिनों में इन्होंने लगभग 5000 वोटों को डिलीट करने और 7500 वोटों को जोड़ने के लिए आवेदन किया है.बीजेपी ने भी आप पर निशाना साधा है. बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 2014 में जब चुनाव हुए थे तब दिल्ली में वोटर्स की संख्या 1 करोड़ 19 लाख थी. इसके बाद 2015 में यह संख्या बढ़कर 1 करोड़ 33 लाख हो गई है. बढ़े हुए 14 लाख लोगों को कौन लाया और कहां से आए इसका कोई जवाब नहीं है.आम आदमी पार्टी ने दिल्ली चुनाव के लिए 70 की 70 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है. सीएम आतिशी कालकाजी से चुनाव लड़ रही हैं और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से मैदान में उतरे हैं. वहीं, दूसरी तरफ अभी बीजेपी ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं और उम्मीदवारों के नामों का ऐलान नहीं किया है।

### आम आदमी पर पड़ रही चौतरफा टैक्स और महंगाई की मार : हुड्डा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। सड़क निर्माण की लागत 2747 करोड़ रुपए और वसूली 4489 करोड रुपए, फिर भी टोल को बंद नहीं किया जा रहा है। इस तरह हरियाणा की जनता से टोल के नाम पर हजारों करोड़ रुपए की लूट हो रही है। घग्गर टोल प्लाजा का उदाहरण देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने टोल टैक्स की लूट का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि आरटीआई के जरिए सामने आई ताजा जानकारी से स्पष्ट हो गया है कि बीजेपी सरकार से मिलीभगत कर कंपनियां टोल टैक्स के नाम पर लागत के मुकाबले कई गुना ज्यादा मुनाफा कूट रही हैं। आम जनता पर टैक्स और महंगाई की मार पड़ती जा रही है और सरकार सबकुछ देखकर भी अनदेखा कर रही है। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में कुल 57 टोल प्लाजा आज की तारीख में वसूली करने में लगे हैं। घग्गर और घरौंडा टोल की टैक्स कलेक्शन की समय अवधि खत्म हो चुकी है। यहां से कंपनियां लागत के मुकाबले कहीं ज्यादा मुनाफा कमा चुकी हैं। बावजूद इसके यहां आम जनता से करोड़ों रुपये की वसूली जारी है। प्रदेश में ऐसे कई टोल प्लाजा हैं, जिनकी या तो मियाद पूरी हो चुकी है या फिर लागत और मुनाफा। नियमों के मुताबिक उनको बंद किया जाना चाहिए।




बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मां परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि पर उनसे मुलाकात की।

# फ्लॉप फिल्म के बावजूद छाई वामिका गब्बी, बेबी जॉन से बनीं नई नेशनल क्रश और इंटरनेट सेंसेशन



हाल ही में रिलीज हुई वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन को लेकर उम्मीदें तो बड़ी थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने खास कमाल नहीं किया. जब ट्रेलर आया था, तब लगा था कि फिल्म बंपर कलेक्शन करेगी, लेकिन मेकर्स की उम्मीदों पर पानी फिर गया है. हालांकि, फिल्म भले ही फ्लॉप हो गई हो, लेकिन इसमें एक्ट्रेस वामिका गब्बी की चर्चा हर तरफ हो रही है.वामिका गब्बी ने बेबी जॉन से बॉलीवुड में कदम रखा है और उनकी परफॉर्मेंस ने दर्शकों को दीवाना बना दिया है. वामिका को उनकी खूबसूरत आंखों और शानदार अदाकारी के लिए खूब तारीफ मिल रही है. यही वजह है कि उन्हें अब नई नेशनल क्रश कहा जा रहा है.वामिका गब्बी इससे पहले तमिल, मलयालम और पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में काम कर चुकी हैं. उन्होंने मलयालम फिल्म गोधा और तमिल फिल्म नेराथु मसक्कम से काफी पॉपुलैरिटी हासिल की थी. वामिका ने जब वी मेट में भी एक छोटा किरदार निभाया था.सोशल मीडिया पर भी वामिका खूब एक्टिव रहती हैं और उनकी पोस्ट्स को फैंस का खूब प्यार मिलता है. वामिका की पॉपुलैरिटी बेबी जॉन के बाद और ज्यादा बढ़ गई है.फिल्म का पहला वीकेंड अभी बाकी है और देखने वाली बात होगी कि वीकेंड पर फिल्म का कलेक्शन कैसा रहता है. हालांकि, अब तक फिल्म का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है. बेबी जॉन के फ्लॉप होने के बावजूद वामिका गब्बी इस फिल्म की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं.

# वेलकम टू द जंगल के मेगा शेड्यूल से उठा पर्दा, अक्षय कुमार और टीम ने कसी कमर



वेलकम टू द जंगल 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अक्षय कुमार और अन्य कलाकारों से सजी यह कॉमिक फिल्म इस साल दिसंबर में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, निर्माताओं ने फिल्म की नाटकीय रिलीज को अगले साल तक के लिए टाल दिया। अहमद खान के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर आया नया अपडेट उत्साह बढ़ाने वाला है। फिल्म की शूटिंग का मेगा शेड्यूल तैयार किया गया है।

वेलकम टू द जंगल को लेकर नवीनतम विकास यह है कि एक मेगा शेड्यूल दुबई में शूट किया जाएगा। टीम ने अगस्त 2024 में मुंबई और कश्मीर में फिल्म का मैराथन शेड्यूल पूरा किया। और अब, वे दुबई में अंतर्राष्ट्रीय शेड्यूल शुरू करेंगे। निर्देशक अहमद खान ने खुलासा किया कि मेगा शेड्यूल जल्द ही दुबई में शुरू होगा।

अहमद खान ने साझा किया, अबू धाबी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दर्शक सिनेमाई असाधारणता और असीमित मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। टीम ने पहले से ही रेकी के लिए यात्रा करने का कार्यक्रम भी बना लिया है। दूसरी ओर, निर्माता फिरोज नाडियाडवाला ने कहा कि कॉमिक फिल्म की शूटिंग संयुक्त अरब अमीरात के प्रभावशाली स्थानों पर की जाएगी।

फिरोज नाडियाडवाला ने कहा, फिल्म के एक्शन सीन और गाने को संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिष्ठित स्थानों पर कई विदेशी एक्शन, स्टंट क्रू और डांसरों के साथ उन स्थानों पर शूट किया जाएगा, जहां आज तक हाई ऑक्टेन हॉलीवुड फिल्मों को भी शूटिंग की सुविधा नहीं दी गई है। फिलहाल, टीम शूटिंग स्थानों के अधिकार और परमिट प्राप्त करने पर काम कर रही है। फिल्म के बारे में बात करें तो इसमें 34 कलाकारों सहित कई स्टार कलाकार शामिल हैं। मेकर्स ने फिल्म की 70 फीसदी शूटिंग पहले ही पूरी कर ली है।

परेश रावल, सुनील शेट्टी, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज, शाइरब हाशमी, श्रेयस तलपड़े, अरशद वारसी, मुकेश तिवारी और अन्य सितारे वेलकम टू द जंगल का हिस्सा हैं। फिल्म 2025 में सिल्वर स्क्रीन पर दस्तक देने वाली है।

## सुरभि ज्योति की सीरीज गुनाह 2 की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नया टीजर आया सामने



सुरभि ज्योति और गश्मीर महाजनी की वेब सीरीज गुनाह के दूसरे सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा।गुनाह 2 का टीजर पहले ही सामने आ चुका है। आखिरकार अब इसकी रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है।इसके साथ निर्माताओं ने गुनाह 2 का नया टीजर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं।आइए बताते हैं इस सीरीज को आप कब और कहां देख पाएंगे।

गुनाह 2 का प्रीमियर 3 जनवरी, 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर होने जा रहा है। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, प्यार ने शुरू की थी कहानी, लेकिन बदले ने लिखा इसका अंजाम।बता दें कि गुनाह के पहले सीजन को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। यह सीरीज 3 जून, 2024 को डिज्नी+ हॉस्टार पर रिलीज हुई थी। इसमें कुल 25 एपिसोड थे।इस सीरीज में अभिनेता जैन इबाद खान भी नजर आए थे।

## फिल्म डाकू महाराज के तीसरे गाने की रिलीज डेट से पर्दा उठा, नंदमुरी बालकृष्ण-उर्वशी रौतेला का पोस्टर जारी



अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की नई फिल्म एनबीके 109 का आधिकारिक शीर्षक डाकू महाराज है, जिसके घोषणा पहले ही की जा चुकी है। अब फैंस के बीच उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म के निर्माता लगातार डाकू महाराज से जुड़ी नई जानकारियां और झलकियां साझा कर रहे हैं। फिल्म के दो गाने पहले ही रिलीज हो चुके हैं और अब निर्माता इसके तीसरे गाने की रिलीज की तैयारियां कर रहे हैं।अब निर्माताओं की फिल्म के तीसरे गाने की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि डाकू महाराज का तीसरा गाना 4 जनवरी, 2025 को यूएसए प्री-रिलीज इवेंट के दौरान रिलीज किया जाएगा, जो कि भारतीय समय के अनुसार 5 जनवरी, 2025 को होगा। फिल्म का तीसरा गाना थमन द्वारा रचित एक उच्च-ऊर्जा मास ट्रैक है, जो फैंस को खूब पसंद आएगा। उत्साह बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने बालकृष्ण और उर्वशी रौतेला के साथ एक खास पोस्टर जारी किया है।

# स्टाइलिश बॉडीकॉन आउटफिट पहन भूमि पेडनेकर ने शेयर की हॉट फोटोज, अदाएं ऐसी की नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अक्सर अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स इंटरनेट पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया के जरिए फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।भूमि पेडनेकर की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने बोट नेक आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।खुले बालों को वेवी स्टाइल लुक कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर पोस्ट करती है तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।एक्ट्रेस अपने इस आउटफिट में स्टाइलिश नजर आ रही हैं। वहीं, कातिल अदाओं से फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं भूमि पेडनेकर ने एक से बढ़कर एक पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई है। अपने इस आउटफिट के साथ उन्होंने ब्लैक कलर की ज्वैलरी पहनी हुई है।

# पुष्पा 2 की बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई जारी, वाइल्डफायर ब्लॉकबस्टर ने दुनियाभर में 1750 करोड़ का आंकड़ा किया पार



पुष्पा 2: द रूल बॉक्स ऑफिस पर अपनी छाप छोड़ रही है. हालांकि फिल्म ने अपने चौथे सोमवार को कमाई में भारी गिरावट देखी. 26वें दिन फिल्म का कलेक्शन अब तक का सबसे कम रहा, लेकिन नए साल पर फिर से कमाई में उछाल आ सकता है. वहीं, मेकर्स ने जानकारी दी है कि पुष्पा 2 ने 25 दिनों में दुनिया भर में 1750 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. आंकड़ों के अनुसार, फिल्म आसानी से दुनिया भर में 1,800 करोड़ रुपये की कमाई कर सकती है.


बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 की रफ्तार अब धीमी होती जा रही है. सैकनिल्क के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, पुष्पा 2 ने अपने पहले हफ्ते में 725.8 करोड़ रुपये, दूसरे हफ्ते में 264.8 करोड़ रुपये और तीसरे हफ्ते में 129.5 करोड़ रुपये कमाए. सुकुमार की निर्देशित फिल्म ने अपने चौथे शुक्रवार को 8.75 करोड़, चौथे शनिवार को 12.5 करोड़, चौथे रविवार को 15.65 करोड़ रुपये कमाए.

चौथे वीकेंड के बाद 26वें दिन फिल्म ने सभी भाषाओं में लगभग 6.65 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. यह फिल्म की अब तक सबसे कम कमाई है. इसके साथ ही, अल्लू अर्जुन की फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अपने 26वें दिन तक कुल 1163.65 करोड़ की कमाई कर ली है.पुष्पा 2 के हिंदी शो की बात करें मेकर्स के अनुसार, अल्लू अर्जुन की फिल्म ने 25 दिनों में 770.25 करोड़ से ज्यादा कमाई की है. वहीं, चौथे सोमवार को पुष्पा 2 ने हिंदी बेल्ट में 5.25 करोड़ रुपये कमाए. 26 दिनों के बाद पुष्पा 2 का हिंदी बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 775.50 करोड़ रुपये हो गया है.मेकर्स ने बीते सोमवार को पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के बारे में अपडेट दिया है. उन्होंने आधिकारिक तौर पर घोषणा की कि सीक्वल ने दुनिया भर में 1,760 करोड़ रुपये कमाए हैं. एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अल्लू अर्जुन का पोस्टर का शेयर करते हुए लिखा है, पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी रिकॉर्ड तोड़ कमाई जारी रखी. वाइल्डफायर ब्लॉकबस्टर ने सिर्फ 25 दिनों में दुनिया भर में 1760 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया. पुष्पा 2 वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर प्रभास की फिल्म बाहुबली 2, जिसने 1788.06 करोड़ ग्रॉस कलेक्शन किया है, को मात देने के लिए तैयार है.पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहद फासिल, जगपति बाबू और राव रमेश महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं. सुकुमार की निर्देशित फिल्म 5 दिसंबर को तेलुगू, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम समेत कई भाषाओं में रिलीज हुई.

## *बॉक्स ऑफिस पर बेदम बेबी जॉन मंडे टेस्ट में चारों खाने चित, लगातार गिर रही वरुण धवन की फिल्म की कमाई*

*वरुण धवन की नई एक्शन फिल्म बेबी जॉन बॉक्स ऑफिस फ्लॉप होती दिख रही है. एक हफ्ते से पहले ही फिल्म का कलेक्शन ग्राफ गिरता जा रहा है. एटली की निर्मित फिल्म ने पहले मंडे टेस्ट में खरी नहीं उतरी. इसने रिलीज के छठवें दिन सबसे कम कमाई है. यह बेबी जॉन का सबसे कम कलेक्शन किया है.कलीज की निर्देशित फिल्म बेबी जॉन बॉक्स ऑफिस कुछ खास परफॉर्म नहीं कर रही है. इसने सिर्फ ओपनिंग डे पर डबल डिजिट में कमाई की. इसके बाद से इसका कलेक्शन का ग्राफ करते जा रहा है. ओपनिंग डे को छोड़कर इसने अब तक 5 करोड़ से भी कम कमाई की है. रिलीज के छठे दिन इसने सबसे कम कमाई की. सैकनिल्क के मुताबिक, बेबी जॉन ने फर्स्ट मंडे टेस्ट में 1.85 करोड़ रुपये कमाए है, जो फिल्म की अब तक की सबसे कम कमाई है. 6 दिनों के बाद इसकी कुल कमाई 30.50 करोड़ रुपये हो गई है.*

# क्या है नॉर्डिक वॉकिंग? जानिए इससे जुड़ी महत्वपूर्ण बातें



नॉर्डिक वॉकिंग एक खास चलने की तकनीक है, जिसमें पोल्स का इस्तेमाल होता है। यह एक्सरसाइज पैरों के साथ पूरे शरीर को सक्रिय करता है।फिनलैंड में शुरू हुई यह तकनीक अब दुनिया भर में लोकप्रिय हो रही है। नॉर्डिक वॉकिंग हृदय की धड़कन बढ़ाकर और रक्त संचार सुधारकर हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद मानी जाती है।इसके अलावा यह जोड़ों पर कम दबाव डालती है, जिससे हर उम्र के लोग इसे आसानी से कर सकते हैं।

### नॉर्डिक वॉकिंग कैसे करें?

नॉर्डिक वॉकिंग करते समय सही तकनीक का पालन करना जरूरी होता है।सबसे पहले पोल्स को शरीर के पास रखें और उन्हें हल्के झुकाव पर आगे की ओर धकेलें। चलते समय हाथों और पैरों का तालमेल बनाए रखें ताकि पूरा शरीर सक्रिय रहे। ध्यान दें कि आपकी पीठ सीधी होनी चाहिए और कंधे आरामदायक स्थिति में हों।शुरुआत में धीमी गति से चलें और धीरे-धीरे अपनी गति बढ़ाएं ताकि आपका शरीर इस नई गतिविधि के साथ तालमेल बिठा सके।

### नॉर्डिक वॉकिंग के फायदे

नॉर्डिक वॉकिंग हृदय स्वास्थ्य को सुधार सकती है क्योंकि इससे हृदय की धड़कन तेज होती है और रक्त संचार बेहतर होता है।इसके अलावा यह एक्सरसाइज कैलोरी जलाने में मदद करता है, जिससे वजन घटाने में सहायता मिल सकती है।नॉर्डिक वॉकिंग करने से मांसपेशियों की मजबूती भी बढ़ती हैं क्योंकि इसमें पूरे शरीर का उपयोग होता हैं।साथ ही इस एक्सरसाइज से जोड़ों पर कम दबाव पड़ता हैं, जिससे इसे बुजुर्ग लोग भी आसानी से कर सकते हैं।

### एक्सरसाइज करते समय बरतें ये सावधानियां

जब आप नॉर्डिक वॉकिंग शुरू करें तो कुछ सावधानियां बरतना जरूरी है ताकि चोट से बचा जा सके।इसके लिए सही आकार के पोल्स का चयन करें, जो आपकी ऊंचाई के अनुसार हों। इससे संतुलन बनाने में मदद मिलेगी।हमेशा सपाट सतह पर चलें जहां फिसलने का खतरा कम हो।अगर आप पहली बार इस एक्सरसाइज को कर रहे हैं तो किसी प्रशिक्षित व्यक्ति की सलाह लें। यह सुनिश्चित करेगा कि आप सही तकनीक अपनाएं और सुरक्षित रहें।

### अन्य एक्सरसाइज जोड़कर विविधता लाएं

अगर आप अपनी फिटनेस रूटीन में विविधता लाना चाहते हैं तो नॉर्डिक वॉकिंग के साथ कुछ अन्य एक्सरसाइज भी जोड़ सकते हैं।उदाहरण के लिए स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज जैसे योग या पाइलेट्स आपके मांसपेशियों को लचीला बनाएंगे।इसके अलावा हल्की दौड़ या साइक्लिंग जैसी कार्डियो एक्सरसाइज भी शामिल कर सकते हैं, जो आपके हृदय स्वास्थ्य को और बेहतर बनाएंगी।इन सभी एक्सरसाइज का संयोजन आपको एक संतुलित फिटनेस रूटीन प्रदान करेगा, जिससे आपका शारीरिक विकास होगा ।

# न्यू ईयर पर अपने प्रियजनों को दें ये खास तोहफे, खिल उठेगा चेहरा



नया साल हर किसी के जीवन में नई उम्मीदें, खुशियां, नए लक्ष्य जैसी कई चीजों को लेकर आता है. यही वह समय है जब हम अपने परिवार, दोस्तों के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने का प्रयास करते हैं. ऐसे में नए साल पर अपनो को खास तरीके से विश करना और एक अच्छा तोहफा देना रिश्तों में मिठास का सबसे अच्छा तरीका है. आज हम आपको इस लेख में नए साल अपनों को गिफ्ट देने के लिए कुछ खास गिफ्ट के बारे में बताएंगे जिसे आप नए साल पर दे सकते हैं...

### इस खास तरीके से करें विश-

डिजिटल कार्ड बनवाएं

आप नए साल के खास मौके पर एक डिजिटल न्यू ईयर कार्ड बनवा सकते हैं. इस कार्ड में उनके लिए आपकी शुभकामनाएं और कुछ मजेदार फोटोज़ शामिल कर लें.

### नए साल पर अपनों को दें ये खास तोहफे-

डायरी

नया साल एक नई शुरुआत के साथ होता है. ऐसे में आप एक खूबसूरत डायरी अपनो को नए साल पर गिफ्ट कर सकते हैं. डायरी उपयोगी और प्रेरणादायक तोहफा हो सकता है.

### घर सजाने के समान

नए साल पर आप घर सजाने के लिए खूबसूरत कैंडल्स, वॉल हैंगिंग्स, या प्लांट्स अपनों को गिफ्ट कर सकते हैं. ये किसी को भी देने के लिए बेहद खास हो सकते हैं.

### ज्वेलरी

आप नए साल पर महिलाओं के लिए ज्वेलरी और पुरुषों के लिए वॉच या लेदर वॉलेट गिफ्ट करें. ये ज्यादा महंगे भी नहीं होते और आसानी से हर किसी को भी पसंद आ जाते हैं.

### कस्टमाइज्ड गिफ्ट्स

नए साल पर आप आपनो को कस्टमाइज्ड मग, कुशन, फोटो फ्रेम, या पेन सेट गिफ्ट कर सकते हैं. इसपर नाम या कोई खास मैसेज प्रिंट करवा सकते हैं.

### हेल्थ केयर प्रोडक्ट्स

सर्दियों के मौसम में फिटनेस और स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है. ऐसे में आप नए साल पर फिटनेस बैंड, ग्रीन टी किट, या स्पा सेट दे सकते हैं.

# हेड ने अपने अजीब जश्न को लेकर सफाई दी

मेलबर्न (ए)। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने भारतीय टीम के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में ऋषभ पंत को आउट करने के बाद अपने अजीब से जश्न को लेकर सफाई दी है। हेड के इस जश्न को लेकर कई लोगों ने हैरानी जतायी थी। वहीं कई लोगों ने इसे विवादित बताते हुए सवाल भी उठाये थे। साथ ही कइने कहा कि यह बर्फ पर अंगुली का संकेत था। साथ ही कहा कि यह अजीब इशारा उन्होंने पहली बार श्रीलंका दौरे में दिखाया था। इस मैच में ऋषभ जब अच्छी बल्लेबाजी करने लगे थे और मैच को ड्रॉ कराने की ओर बढ़ रहे थे। तभी हेड ने उन्हें आउट कर मैच का रुख ही मोड़ दिया। भारतीय बल्लेबाज ने पुल शॉट खेलने का प्रयास किया था जिसपर वह कैच हो गये थे। इसके बाद हेड ने अपने बाएं हाथ की अंगुलियों को एक मोड़कर और दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली को उसमें डुबाकर इस क्षण का जश्न मनाया। हेड ने मेलबर्न टेस्ट के बाद कहा, 'फिंगर ऑन द आइस। मैंने इसकी शुरुआत श्रीलंका में की। मैं अपनी अंगुली बर्फ पर रखी और गेंदबाजी के लिए तैयार हुआ। मैच के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस से जब हेड के इस अजीब से जश्न को इसके बारे में पूछा गया और उन्होंने कहा, 'मैं इसे समझा सकता हूं। उसकी अंगुली इतनी गर्म है कि उसे इसे एक कप बर्फ में डालना पड़ा।



# ऑस्ट्रेलिया का भी डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना अभी तक पक्का नहीं




मेलबर्न (ए)। बॉक्सिंग डे टेस्ट में हार से जहां भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। वहीं मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम पर खतरा अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। अगर भारत सिडनी में ऑस्ट्रेलिया को ड्रॉ पर रोक देता है और उसके बाद श्रीलंका सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम को दोनो ही टेस्ट में हरा देती है तो श्रीलंका की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगी और ऑस्ट्रेलिया बाहर हो जाएगी।मेलबर्न में हार से भारतीय टीम के अंक प्रतिशत तालिका में 55.89 से गिरकर 52.78 हो गए है जबकि ऑस्ट्रेलिया के नाम पर अब 61.46 प्रतिशत अंक हैं।वहीं पाकिस्तान पर जीत से दक्षिण अफ्रीका ने पहले ही डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारतीय टीम अगर सिडनी में जीत दर्ज करती है तो उसके 55.26 प्रतिशत अंक हो जाएंगे और ऑस्ट्रेलिया के 54.26 प्रतिशत अंक रह जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया अगर श्रीलंका में एक भी टेस्ट जीत लेता है तो उसकी डब्ल्यूटीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से टक्कर तय हो जाएगी। मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया की जीत ने उसकी डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को बढ़ाया है और टीम अगले साल लार्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह बनाने से केवल एक जीत दूर है।

भारतीय टीम ने 2024-25 सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए बांग्लादेश को स्वदेश में 2-0 से हराया था। इसके बाद हालांकि भारत का अभियान पटरी से उतर गया। टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ स्वदेश में तीन मैच की श्रृंखला में 0-3 से करारी का सामना करना पड़ा और अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम 1-2 से पिछड़ रही है। रोचक बात यह है कि सिर्फ भारत के ऊपर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले से बाहर होने का खतरा नहीं है, बल्कि ऑस्ट्रेलिया भी बाहर हो सकता है।

# एलेक्स कैरी ने जताया मिशेल स्टार्क के पांचवां टेस्ट मैच खेलने पर भरोसा


सिडनी, (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी को भरोसा है कि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पांचवें टेस्ट में खेलने के लिए फिट रहेंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान पसलियों में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया ने यह टेस्ट 184 रन से जीता। स्टार्क ने बॉक्सिंग डे टेस्ट पसलियों और पीठ के दर्द से जूझते हुए खेला और बाद में एहतियात के तौर पर स्कैन भी कराया। मौजूदा सीरीज में भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैचों में उन्होंने कुल 131.2 ओवर फेंके हैं। कैरी ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, वह सबसे मजबूत क्रिकेटरों में से एक हैं। वह दर्द के बावजूद मैदान पर डटे रहते हैं। लेकिन वह मुकाबले के लिए तैयार रहेंगे।हालांकि, चौथे टेस्ट में स्टार्क ने केवल एक विकेट लिया, लेकिन यह विकेट भारत की दूसरी पारी में विराट कोहली का था, जो काफी अहम था। कैरी ने उनकी गेंदबाजी की तारीफ करते हुए कहा, पहले स्पैल में भले ही उन्हें ज्यादा विकेट नहीं मिले, लेकिन यह इस सीरीज में उनकी सबसे बेहतरीन गेंदबाजी थी। अब उनके पास टीम को टेस्ट जिताने का शानदार मौका है, और वह इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं।

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) टेस्ट के दौरान आमतौर पर बारिश होती है, लेकिन इस साल मौसम थोड़ा बेहतर है। चौथे और पांचवें दिन हल्की बारिश की संभावना है। पिच के बारे में बात करते हुए कैरी ने कहा, यह विकेट अच्छी टेस्ट मैच पिच लग रही है। शुरुआत में इसमें गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। इस पर घास का अच्छा कवरेज है।

ऑस्ट्रेलिया फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है और इस बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी को 10 साल बाद जीतने के लिए उन्हें सिर्फ ड्रॉ की जरूरत है। वहीं, भारत को सीरीज बचाने के लिए सिडनी में जीत दर्ज करनी होगी।

कैरी ने आगे कहा, हम बहुत आगे का नहीं सोच सकते। भारत एक बहुत ही मजबूत टीम है और उनके पास बेहतरीन खिलाड़ी और टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज हैं। हमारी टीम का ध्यान सिर्फ अगले मैच पर है। अगर हम ट्रॉफी जीतते हैं तो यह शानदार होगा। सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट शुक्रवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगा।

# बॉक्सिंग-डे टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम पर भड़के गौतम गंभीर, खिलाड़ियों को दी चेतावनी



नईदिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम को बॉक्सिंग-डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 184 रन से हार का सामना करना पड़ा था।इस शिकस्त के चलते भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में 1-2 से पिछड़ गई है।अब खबर है कि मेलबर्न में हार के बाद भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर खिलाड़ियों से बेहद नाखुश दिखे।उन्होंने खिलाड़ियों को जमकर लताड़ भी लगाई।

रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर ने बीते सोमवार को ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों से कहा, बहुत हो गया. उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वाभाविक खेल के नाम पर विकेट फेंकने वाले खिलाड़ियों की और मनमानी नहीं चलेगी। गंभीर ने किसी व्यक्ति विशेष का नाम नहीं लिया, लेकिन संकेतों में अपना गुस्सा जाहिर किया। बता दें कि बॉक्सिंग-डे टेस्ट में भारतीय टीम के पास मैच ड्रॉ कराने का अवसर था, लेकिन बल्लेबाजों ने निरंतर विकेट खोकर मैच गंवा दिया।

जुलाई 2024 में गंभीर ने भारतीय टीम का कोच पद संभाला था। हालांकि, साल के आखिर में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को करारी शिकस्त मिली थी।ऐसे में उनके कार्यकाल में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है।अब उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को वही करना होगा, जो गंभीर चाहते हैं। अगर जो खिलाड़ी ऐसा नहीं करेंगे तो टीम प्रबंधन उनसे आगे बढ़ जाएगी।

गंभीर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए चेतेश्वर पुजारा को भारतीय टीम में चाहते थे, लेकिन चयनकर्ताओं ने इस सुझाव को खारिज कर दिया था।पुजारा ने 100 से अधिक टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।वह आखिरी बार 2023 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद से टीम से बाहर हैं। पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया में 11 टेस्ट खेले, जिसमें 47.28 की औसत के साथ 993 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 3 शतक और 5 अर्धशतक लगाए हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में स्टीव स्मिथ के शतक (140) की बदौलत 474 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने नितीश रेड्डी के शतक (114) की बदौलत 369 का स्कोर बनाया।इसके बाद बढ़त हासिल करने वाली मेजबान टीम जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी (5/57) के सामने अपनी दूसरी पारी में 234 रन बनाए।जवाब में भारत का स्कोर एक समय 121/3 था। इसके बाद भारत ने आखिरी सत्र में लगभग 21 ओवर में अपने आखिरी 7 विकेट गंवाए।

# सिडनी टेस्ट खेलने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे मिशेल स्टार्क : ग्लेन मैक्ग्रा

सिडनी, (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट लीजेंड और पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा को इस बात का भरोसा है स्टार पेसर मिशेल स्टार्क भारत के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में होने जा रहे सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में खेलेंगे।



यह टेस्ट दोनों टीमों के लिए काफी अहम है और ग्लेन मैक्ग्रा का मानना है कि एडिलेड टेस्ट के हीरो स्टार्क खुद को मैच फिट करने में कोई कसर नहीं छोड़ने जा रहे हैं। स्टार्क को बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान पसलियों और पीठ में दर्द की शिकायत थी।ग्लेन मैक्ग्रा ने फॉक्स क्रिकेट से बात करते हुए कहा, खेलना मिशेल के ऊपर निर्भर करेगा। वह मैदान पर आने के लिए सबकुछ करेंगे। वह इस ऑस्ट्रेलियाई टीम का अहम हिस्सा हैं, और जब वह अपने चरम पर होते हैं तो उनका मुकाबला करना बहुत मुश्किल होता है। वह बहुत शानदार गेंदबाजी भी कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह सिडनी में खेलने जा रहे हैं।इन गर्मियों में स्टार्क ऑस्ट्रेलिया के स्टार परफॉर्मर रहे हैं जिन्होंने चार टेस्ट मैचों में 28.73 की औसत के साथ 15 विकेट लिए हैं। उन्होंने मेलबर्न टेस्ट के बाद अपना स्कैन भी कराया था। रिपोर्ट बताती हैं कि स्टार्क 5वें टेस्ट मैच में तभी खेल पाएंगे जब वह दर्द को मैनेज कर पाएं। हो सकता है उनको कुछ दर्द के साथ खेलना पड़े। कुल मिलाकर टीम मैनेजमेंट को भी फैसला करना होगा कि स्टार्क मैच फिट हैं नहीं। सीरीज का पांचवां मैच पिंक टेस्ट के नाम से जाना जाता है क्योंकि इस मैच के जरिए कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाई जाती है। इसलिए यह मैच ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट समुदाय में खास महत्व भी रखता है।

# यूपी फाल्कन्स ने चंडीगढ़ चार्जर्स के खिलाफ फाइनल में जगह पक्की की

कोयंबटूर, (आरएनएस)। युवा कबड्डी सीरीज के डिवीजन 2 का फाइनल करीब आ रहा है। यूपी फाल्कन्स ने शानदार प्रदर्शन कर टॉप स्थान पर कब्जा जमाया और चंडीगढ़ चार्जर्स के खिलाफ फाइनल में जगह पक्की कर ली।

डिवीजन 2 का नौवां दिन करपगम एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, कोयंबटूर में खेला गया। दिनभर की टक्कर में टीमों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

पहले मैच में यूपी फाल्कन्स ने दिल्ली धुरंधरों को 48-38 से हराया। इस जीत के साथ यूपी फाल्कन्स ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। साथ ही वे टेबल में टॉप स्थान कब्जाने में भी कामयाब रहे।

रचित यादव ने सुपर 10 करते हुए मैच पलट दिया। जबकि नवनीत नागर और आयुष कुमार ने हाई-5 स्कोर किए।

दिल्ली की तरफ से शुभम भिडुरी ने 11 पॉइंट और विनोद पाल ने बेंच से हाई-5 किया, लेकिन टीम का प्रदर्शन कमजोर रहा।

दूसरे मुकाबले में हम्पी हीरोज ने पंचाला प्राइड को 46-21 से हराया। पंचाला प्राइड पूरे डिवीजन में एक भी मैच नहीं जीत पाई। हम्पी के चेतन जांगमा और करुपसागर डी ने 11-11 रेड पॉइंट जुटाए। दर्शन आर ने शानदार डिफेंस करते हुए हाई-5 स्कोर किया।

## विदेश समाचार

# एक जनवरी से नया पर्यटक टैक्स लागू, कोयले पर निर्यात शुल्क हटाया गया

मॉस्को ,(आरएनएस)। रूस में बुधवार से एक नया पर्यटक टैक्स लागू हो गया है, जो रिसॉर्ट शुल्क को रिप्लेस करेगा।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी के हवाले से बताया कि 1 जनवरी 2025 से, होटल्स और अन्य आवास में ठहरने वाले यात्रियों को अपने ठहरने की लागत का अतिरिक्त 1 प्रतिशत देना होगा, जिससे क्षेत्रीय पर्यटन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की चरणबद्ध योजना की शुरुआत होगी।

यह टैक्स जुलाई 2024 में रूसी टैक्स संहिता में किए गए संशोधनों के तहत पेश किया गया, जिसमें पर्यटन कर (टूरिस्ट टैक्स) नाम एक नया अध्याय जोड़ा गया था। इस अध्याय के तहत क्षेत्रीय अधिकारियों को स्थानीय शुल्क के रूप में इस टैक्स को लागू करने का अधिकार मिल गया। कई क्षेत्र, विशेष रूप से वे जो स्थापित या उभरते हुए पर्यटन उद्योगों वाले हैं, पहले ही इसे अपना चुके हैं।

पर्यटक टैक्स 2025 में 1 प्रतिशत की दर से शुरू होगा और 2027 तक धीरे-धीरे बढ़कर 3 प्रतिशत हो जाएगा। एक न्यूनतम दैनिक शुल्क के रूप में 100 रूबल (0.9 अमेरिकी डॉलर) निर्धारित किया गया है, जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि एक न्यूनतम योगदान प्राप्त हो।हालांकि, होटल और अन्य आवास प्रदान करने वाले तकनीकी रूप से करदाता हैं, लेकिन यह लागत आवासों की कीमत में शामिल की जाएगी, जिससे यह टैक्स अंततः पर्यटकों पर डाला जाएगा। इसके अलावा, स्थानीय मीडिया ने बुधवार को बताया कि रूस ने 1 जनवरी, 2025 से एन्थ्रेसाइट, कोकिंग कोल और थर्मल कोल पर निर्यात शुल्क भी आधिकारिक तौर पर हटा दिया है।

# उत्तर कोरिया बना रहा चार हजार टन वजनी युद्धपोत, खतरनाक मिसाइलों से होगा लैस : सोल

सोल,(आरएनएस)। उत्तर कोरिया ने एक चार हजार टन वजनी फ्रिगेट का निर्माण शुरू किया है। यह वर्टिकल लॉन्चिंग सिस्टम से लैस है। दक्षिण कोरिया की सेना के अनुसार, प्योंगयांग अपने परमाणु और मिसाइल हथियारों को आगे बढ़ाना चाहता है।

समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने किम जोंग-उन की एक शिपयार्ड का दौरा करने के दौरान की तस्वीरें शेयर की थीं, जहां नए युद्धपोत का निर्माण किया जा रहा है। इसके एक दिन बाद यह आकलन सामने आया है।

उत्तर कोरिया के पश्चिमी बंदरगाह शहर का जिक्र करते हुए एक सैन्य अधिकारी ने कहा, उत्तर कोरिया नैम्फो में 4 हजार टन का फ्रिगेट बना रहा है। जहाज के आकार से, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह (जहाज से जमीन पर मार करने वाली) मिसाइल ले जाने में सक्षम है।

हालांकि, अधिकारी ने कहा कि उत्तर कोरिया को इस पोत का निर्माण पूरा करने में कई साल लग सकते हैं। पोत को परिचालन के लिए तैनात करने में 10 साल से ज्यादा का समय लग सकता है।

# संसद को भंग करने से समाधान के बजाय विभाजन बढ़ा : राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों

पेरिस ,(ए.)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्वीकार किया कि जून में फ्रांसीसी नेशनल असेंबली को भंग करने से समाधान के बजाय विभाजन अधिक पैदा हुआ।राष्ट्रपति मैक्रों ने मंगलवार रात नववर्ष की पूर्वसंध्या पर कहा, इस विघटन का उद्देश्य फ्रांसीसी लोगों को उनकी आवाज वापस देना और स्थिति को साफ करना था, लेकिन समझ और विनम्रता यह मांग करती है कि हमें यह मानना चाहिए कि इस फैसले से शांति की बजाय ज्यादा अस्थिरता हुई है और मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जून में यूरोपीय चुनावों में दक्षिणपंथी गठबंधन के हारने के बाद मैक्रों ने संसद भंग कर दी थी। उन्होंने संसदीय चुनावों की घोषणा की, जिसके परिणामस्वरूप संसद में अस्थिरता आई और प्रधानमंत्री गेब्रियल एटल को इस्तीफा देना पड़ा।मिशेल बार्नियर ने एटल का स्थान लिया, लेकिन 4 दिसंबर को अविश्वास प्रस्ताव में उन्हें हटा दिया गया। मैक्रों ने 2024 में सेवा देने वाले तीन प्रधानमंत्रियों एलिजाबेथ बोर्न, गेब्रियल एटल और मिशेल बार्नियर के प्रति आभार व्यक्त किया और बार्नियर के निष्कासन के बाद 2024 में नियुक्त चौथे प्रधानमंत्री फ्रेंकोइस बायरू को शुभकामनाएं दीं थी।यूरोप की सुरक्षा के बारे में मैक्रों ने आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि महाद्वीप अब अपनी सुरक्षा का जिम्मा किसी और ताकत को नहीं सौंप सकता। उन्होंने कहा, 2025 में फ्रांस को संप्रभुता सुनिश्चित करने, अपने हितों की रक्षा करने और अपने हमवतन लोगों की सुरक्षा की गारंटी देने के लिए सैन्य पुनः शस्त्रीकरण में निवेश जारी रखना चाहिए।उन्होंने यूरोप से अपनी रक्षा और सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने के प्रयासों में तेजी लाने का भी आग्रह किया। मैक्रों ने कहा, सुरक्षा के बिना समृद्धि नहीं आएगी और फ्रांस को अपनी कूटनीतिक और सैन्य शक्ति के जरिए हमेशा इस मामले में भूमिका निभानी होगी।मैक्रों ने उम्मीद जताई कि 2025 सामूहिक सुधार का वर्ष होगा, जो कार्रवाई और एकता से प्रेरित होगा, स्थिरता लाएगा, सही निर्णय लेगा और वैश्विक अस्थिरता के बीच भी फ्रांस को मजबूत करेगा।

# नए साल के जश्न में मग्न थे तभी धरती के करीब से गुजरा 53 फीट का छुद्रग्रह



वॉशिंगटन(ए)। जब नए साल के जश्न में सभी लोग मग्न थे तभी 31 दिसंबर को एक विशाल आकार का क्षुद्रग्रह पृथ्वी के सबसे पास आ गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह दिसंबर 2024 का दूसरा अवसर था जब पृथ्वी के पास ऐसा खगोलीय घटना हुई। 53 फीट चौड़ा यह क्षुद्रग्रह 31 दिसंबर को भारतीय समयानुसार सुबह 9:17 बजे पृथ्वी के पास आया। यह 28,227 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से यात्रा करते हुए पृथ्वी से 2,580,000 किलोमीटर दूर से गुजरा। यह दूरी चंद्रमा और पृथ्वी के बीच की दूरी का लगभग 6.7 गुना है। नासा के सेंटर फॉर नियर-आर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज द्वारा 2024 एवी 2 जैसे क्षुद्रग्रहों का ट्रैकिंग किया जाता है। नासा की ग्रह रक्षा समन्वय कार्यालय के तहत 140 मीटर से बड़े खगोलीय पिंडों का पता लगाने और उन्हें ट्रैक करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। भविष्य में किसी भी टक्कर की संभावना को कम करने के लिए ऐसा किया जा रहा है।यह क्षुद्रग्रह नियर-आर्थ ऑब्जेक्ट्स श्रेणी में आता है। इनकी कक्षा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मानी जाती है। नासा के अनुसार, 2024 एवी2 पृथ्वी के लिए कोई खतरा नहीं था। यह क्षुद्रग्रह इतना बड़ा नहीं था कि उसे खतरनाक माना जाता। नासा के मुताबिक, जो क्षुद्रग्रह 492 फीट से बड़े होते हैं और पृथ्वी के 75 लाख किलोमीटर के दायरे में आते हैं उन्हें खतरनाक माना जाता है।

# श्रीलंका के सरकारी विभागों पर साइबर हमले

कोलंबो(ए.)। श्रीलंका के कई सरकारी संस्थानों को साइबर हमलों का सामना करना पड़ा है। एक पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को स्थानीय मीडिया को यह जानकारी दी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के.बी. मन थुंगा ने कहा कि श्रीलंका पुलिस विभाग का आधिकारिक यूट्यूब चैनल हैक कर लिया गया है।मन थुंगा ने कहा कि श्रीलंका सरकार के प्रिंटिंग डिपार्टमेंट की आधिकारिक वेबसाइट को भी हैक कर लिया गया है और उसके डाटा में बदलाव किया गया है।समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने कहा कि श्रीलंका कंप्यूटर आपातकालीन तत्परता टीम (एसएलसीईआरटी) और पुलिस वर्तमान में साइबर हमलों की जांच कर रही है।एसएलसीईआरटी ने पिछले सप्ताह चेतावनी दी थी कि सरकारी वेबसाइटें हमलों के प्रति संवेदनशील हैं और कहा कि वह साइबर हमलों से निपटने के लिए सरकारी कर्मचारियों को शिक्षित करने के लिए कई कार्यक्रम चलाने की योजना बना रहा है।मंगलवार को एक सरकारी प्रवक्ता ने घोषणा की कि श्रीलंका के मंत्रिपरिषद ने सोमवार को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसमें सार्वजनिक संस्थानों के अंदर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए हर मंत्रालय में जांच इकाइयां स्थापित करने का प्रस्ताव है।

# जंग के बीच रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने गिनाई नए साल की नई प्राथमिकताएं

मास्को(ए.)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि 2025 में रूस नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा। रूस के लोगों की भलाई के लिए काम करना हमारी प्राथमिकता है। पुतिन ने कहा कि हमने कठिनाइयों पर जीत पाई है और प्रमुख लक्ष्य हासिल किए हैं। साथ ही अपनी एकता को मजबूत किया है।

रूस के राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में देश की अर्थव्यवस्था और यूक्रेन में युद्ध को लेकर कोई विशेष वादा नहीं किया। रूस में इन दिनों लोग महंगाई से परेशान हैं। साथ ही केंद्रीय बैंक की 21 फीसदी ब्याज दर से व्यवसायियों और घर खरीदने वालों पर बोझ पड़ रहा है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि हम नए साल की दहलीज पर हैं और भविष्य के बारे में सोच रहे हैं। मुझे विश्वास है सब कुछ ठीक हो जाएगा। हम केवल आगे बढ़ेंगे। हम जानते हैं कि



हमारे लिए पूर्ण मूल्य रूस का भाग्य उसके नागरिकों की भलाई था, है और रहेगा। पुतिन ने ठीक 25 साल बाद राष्ट्र को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने 1999 के आखिरी दिन बोरिस येल्तसिन के इस्तीफा देने के बाद पहली बार कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में राष्ट्र को संबोधित किया था। पुतिन ने यूक्रेन युद्ध में मरने वाले रूसी सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि हमें आपके साहस और बहादुरी पर गर्व है। हमें आप पर विश्वास है।रूस और यूक्रेन की जंग फरवरी 2022 में शुरू हुई थी। इस युद्ध में अब तक दोनों देशों के हजारों सैनिकों की जान जा चुकी है। अब राष्ट्रपति पुतिन कह रहे हैं कि वह यूक्रेन पर बातचीत के लिए तैयार हैं और वह इसके लिए शांति पहल का भी स्वागत करते हैं। खासकर वह पहल, जो कि वैश्विक दक्षिण और ब्रिक्स साझेदार देशों- चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका की तरफ से लाई गई हैं।

# न्यूयॉर्क : मेट्रो में जिंदा जलाई गई महिला की पुलिस ने की पहचान

न्यूयॉर्क, (आरएनएस)। न्यूयॉर्क शहर में ब्रुकलिन मेट्रो ट्रेन में एक हफ्ते पहले एक महिला को जिंदा जला दिया गया था। पुलिस ने मृतक महिला की पहचान कर ली है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से बताया कि पुलिस ने महिला की पहचान न्यू जर्सी के टॉम्स रिवर निवासी 61 वर्षीय देब्रिना कावम के रूप में की है। महिला कोनी आइलैंड में एक एफ ट्रेन के दरवाजे के सामने खड़ी थी, उसका शरीर आग की पलटों से घिरा था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो गया था। जिंदा जलकर महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी। कुछ घंटों बाद, देब्रिना कावाम पर हमला करने के आरोपी सेबेस्टियन जैपेटा-कैलिल (33) पर प्रथम श्रेणी की हत्या और आगजनी का आरोप लगाया गया। ब्रुकलिन के जिला अटॉर्नी एरिक गोंजालेज ने पिछले सप्ताह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया था कि जांचकर्ता महिला की पहचान करने के लिए हर संभव तरीके का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने उसके फिंगरप्रिंट लिए और डीएनए सबूत एकत्र किए थे। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज भी एकत्र किए, ताकि आग लगने से पहले महिला के चेहरे की स्पष्ट फोटो मिल सके।

# शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के पुलिस वेरिफिकेशन के कलेक्टर ने दिए निर्देश

## गुड टच एवं बैड टच के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



सीहोर ( निप्र)। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मासूम बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था एवं गुड टच एवं बेड टच के जागरूकता के लिए जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं सभी बीआरसीसी को जिले में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय स्कूलों एवं छात्रावासों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए हैं कि स्कूलों एवं छात्रावासों में कार्यरत सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टॉफ जिसमें (शिक्षक, गेम्स शिक्षक, केयर टेकर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, गैर शैक्षणिक स्टाफ गार्ड, सफाई कर्मी, माली, बस ड्राइवर कंडक्टर, किलिनर, विद्युत कर्मी आदि) का चारित्रिक एवं पुलिस वेरिफिकेशन कराये जाये। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने विकासखण्ड में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय स्कूलों एवं छात्रावासों को निर्देशित करते हुये कार्यरत छात्रावासों में यौन अपराध, गुड टच एवं बेड टच के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराएं। इसके साथ ही बच्चों की सुरक्षा के लिए सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ का पुलिस वेरिफिकेशन व चारित्रिक सत्यापन की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को होगा सामूहिक सूर्य-नमस्कार

सीहोर ( निप्र)। प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाता है। सामूहिक सूर्य-नमस्कार के साथ स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने आयुक्त लोक शिक्षण को सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश की समस्त विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रात: 9 से प्रात: 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन हो। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जायेगा।

# क्षेत्रवासियों की सुख और समृद्धि के लिए नपा में गो पूजन दिवस मनाया




सीहोर ( निप्र)। एक जनवरी को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल पर शहर के नगर पालिका हाल में बुधवार को नवाचार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नगर पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों और अनेक पार्षदों की उपस्थिति में गो पूजन दिवस मनाया गया है। इस मौके पर कथा वाचक पंडित मोहित राम पाठक ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर की पहल सार्थक है जिन्होंने सुख और समृद्धि की प्रतीक गौ माता की पूजन कर नये साल आगमन किया है। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भी कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार गौ माता के लिए अनेक कल्याणकारी योजना चला रही है। गाय को हिन्दू मान्यताओं में बेहद महत्वपूर्ण माना गया है। गाय को गो माता भी कहा जाता है, गाय को मां का दर्जा दिया गया है। जिस प्रकार एक मां अपनी संतान को हर सुख देना चाहती है, उसी प्रकार गो माता भी सेवा करने वाले जातकों को अपने कोमल हृदय में स्थान देती हैं और उनकी हर मनोकामना पूरी करती हैं। गौ सेवा करने वाले व्यक्ति के जीवन में कभी कोई संकट नहीं आता। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता दामोदर राय, राजेन्द्र सिंह राजपूत, कमलेश कुशवाहा, नरेन्द्र राजपूत, आशीष गहलोत, लोकेन्द्र वर्मा, अर्जुन राठौर, कमलेश राठौर, मांगीलाल मालवीय आदि शामिल थे।बुधवार को आयोजित गो पूजन महोत्सव के मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि के साथ शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है।

इसके लिए शहर के सभी पार्षद और जनता हमारे साथ है। एक जनवरी को गौ पूजन महोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने मौजूद लोगों को बताया कि सनातन संस्कृति में गायों की पूजा का महत्व है। इसलिए सभी को गोवंश पशुओं के पूजन का संकल्प करना चाहिए।

## नववर्ष के उपलक्ष्य में पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने जरुरतमंदों को अनाज वितरण किया



सीहोर ( निप्र)। बुधवार को हर साल ही तरह इस साल भी नववर्ष के उपलक्ष्य में नपा के पूर्व अध्यक्ष राकेश राय ने अनाज वितरण किया। श्री राय नव वर्ष का स्वागत विशेष अंदाज में करते है और पिछले 25 सालों से गरीबों को अनाज का वितरण आ रहे हैं। इस साल भी श्री राय ने स्टेट बैंक के सामने स्थित अपने कार्यालय से गरीबों को अनाज का वितरण किया सुबह 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में अनाज का वितरण शुरू हुआ जो काफी देर तक चलता रहा। जरूरतमंद और गरीबों को पांच-पांच किलो के गेहूं के पैकेट प्रदान किए गए। नव वर्ष के पहले दिन अनाज वितरण भिक्षा मांगने वालों को किया गया। पूर्व में श्री राय ने निर्धन विद्यार्थियों को कापी किताब कई बार वितरित किए। उनकी यह निस्वार्थ समाजसेवा पूरे साल जारी रहती है। जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह ग्यारह बजे हर साल की तरह यह आयोजन शहर के मेन रोड स्थित श्री राय के कार्यालय पर किया गया था। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में जरूरतमंदों को क्रमानुसार अनाज का वितरण किया गया। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव, बहादुर सिंह दांगी, नरेन्द्र खंगराले, पवन राठौर, महेन्द्र सिंह ठाकुर मनकी, धर्मेन्द्र यादव, एआर शेखमुंशी, गोविन्द शर्मा, पवन अरोरा, नावेद जाफरी, दीलिप गांधी, मनोज दीक्षित मामा आदि शामिल थे।

## कब तक रहोंगे अंग्रेजों के गुलाम - मुनि श्री निर्णय सागर जी




सीहोर ( निप्र)। हमारे देश को यूं तो आजाद हुए लगभग 77 वर्ष हो गये है लेकिन आज भी सांस्कृतिक दृष्टि से अंग्रेजों के गुलाम बने हुए हैं। बताओ बंधुओं आप कब तक रहोगे अंग्रेजों के गुलाम उक्त उदगार मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज ने श्रीं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रवचन के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आगे कहां कि भारतीय संस्कृति में गुड़ीपड़मा(चैत्र शुक्लपक्ष एकम अथवा दीपावली, व कार्तिक कृष्णा अमावस्या नया वर्ष होता है। इन तिथियों को तो आप प्राय: भूल गये है। और 1 जनवरी को NEW YEAR नया वर्ष का उत्सव मनाने लगे हैं। यह बड़ी विडम्बना है कि भारत देश में रक्षाबन्धन दीपावली अक्षयतृतीया पर्व फीके पड़ते जा रहे हैं। और न्यू इयर, बर्थडे, एनिवर्सरी ,वेलेन्टाइन डे जैसे गन्दे प्रसंगों को पर्व के रुप में मानने लगे है। बच्चों को हिंदी माध्यम से पढ़ाना अच्छा नहीं मानते है। अंग्रेजी स्कूल अग्रेजी माध्यम ही आप उत्तम LGRIMIK HIKE, मान रहे हैं। 1880 में ब्रिटेन की रानी एलिजाबेथ ने लार्ड मेकालो को भारत भेज कर सर्वे कराया कि हम भारत को कब तक गुलाम बनाकर रख सकते हैं। तब लार्ड मैकाले ने अपने पिता को लिखे पत्र में कहा था कि भारतीय लोगों की साँस्कृतिक जड़े बड़ी मजबूत हैं। यहाँ सबका विश्वास भगवान में रहता है। यहाँ के साधू संत बड़े ज्ञानी तपस्वी हैं। लोग इनके भक्त है इनकाआशीवार्द भी बड़ा गजब का है। अतएव यह लम्बे समय तक गुलाम नहीं रह सकते है। फिर भी मैंने एक प्रयास किया है मैकाले ने बताया कि मैंने कोलकता में कान्वेट स्कूल खोला है। जिसमें बड़े-2 घर के बच्चे भी अंग्रेजी में पढ़ना पसंद करने लगे हैं। भारत के हर नगर गांव में कांवेन्ट स्कूल खोलना है। यहा के लोग हिंदी न लिख सके ओर वही अंग्रेजी बोल न पायेंगे।ओर भारत हमेशा हमेशा के लिए गुलाम हो जायेगा ।हम आज लार्ड मैकाले का सपना साकार कर रहे हैं। जागो देश वासियों जागो अब भी मोका है सम्हल जाओ वरना रोना ही हाथ रहेगा भावी पीढ़ीया तुम्हें कभी माफ़ नहीं करेगी। हम न अधूरे हैं न हम अभागे हैं बात इतनी सी है हम जागें नहीं है।संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज साहब से दीक्षित आचार्य समय सागर जी महाराज साहब के आज्ञाकारी शिष्य पाठशाला प्रेरक मुनि श्री निर्णय सागर जी के सानिध्य में प्रात: श्री जी के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान श्रावक श्राविकाएं संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। तत्पश्चात धर्म सभा में मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रवचन दिये।दोपहर में स्वाध्याय धार्मिक शिक्षण कक्षा में श्रद्धालुओं ने ज्ञानार्जन किया। संध्या को गुरु भक्ति संगीत मय भजन कीर्तन श्रद्धालुओं ने कर प्रभु भक्ति कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# सीहोर में अब तक 300 से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित

## स्मार्ट मीटर लगाने के बाद समय पर हो रही बिलिंग तथा रीडिंग



सीहोर (निप्र)। केन्द्र सरकार की रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के अंतर्गत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सीहोर ग्रामीण में 305 में स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए हैं। जहां जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां पर समय पर बिलिंग तथा रीडिंग हो रही है। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं, सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार होगा। स्मार्ट मीटर लगाने का काम समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई हैं। कंपनी ने स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त स्वीकृति प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जहां जहां भी स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं वहां पर बिलिंग तथा रीडिंग निर्धारित समय पर हो रही है, इससे सभी उपभोक्ता संतुष्ट हैं।

# कुबेरेश्वरधाम नए साल के स्वागत में लाखों श्रद्धालु पहुंचे, 30 क्विंटल खीर-खिचड़ी प्रसादी का हुआ वितरण

## देर रात्रि तक करीब ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं को प्रदान की प्रसादी



सीहोर ( निप्र)। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी नूतन वर्ष के पहले दिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। यहां पर आए श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इस मौके पर नव साल का स्वागत करने के लिए करीब ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं पहुंचे थे, जिनका विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में 30 क्विंटल खीर-खिचड़ी और सब्जी रोटी आदि प्रसादी का वितरण किया। कुबेरेश्वरधाम इन दिनों भक्तिमय उल्लास और श्रद्धा के रंग में रंगा हुआ है। बुधवार की सुबह लाखों श्रद्धालुओं को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा संबोधित किया।

जानकारी के अनुसार सीहोर जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी नूतन वर्ष के पहले दिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। भक्तों के आने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। आने वाले श्रद्धालुओं को गुड़, देशी घी से निर्मित करीब खिचड़ी का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने व्यास गादी के दर्शन किए।

भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने सुबह धाम पर पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना की और उसके बाद भक्तों ने विल्व पत्र आदि से पूजा-अर्चना की। बता दें कि पिछले तीन दिनों से हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला चल रहा है। मंदिर में देश के कोने-कोने से दर्शन करने वाले आते हैं। शहर के सभी होटल और रेस्टोरेंट आदि बुक हैं। नव वर्ष के मौके पर धाम पर मिनी कुंभ की तरह मेला लगा हुआ था, देर रात्रि तक लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की दृष्टिगत यहां पर श्रद्धालुओं को कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार प्रशासन और समिति ने व्यवस्था की थी।

धाम के बाहर लंबी-लंबी लाइन लगी रही

मंदिर में तड़के से ही दर्शन के लिए धाम के बाहर लंबी-लंबी लाइन लगी रहीं। नव वर्ष पर सुख समृद्धि की कामना लेकर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

### एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से भी कर सकेंगे नए बिजली कनेक्शन का आवेदन

सीहोर (निप्र)। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को नए वर्ष में सौगात दी है। बिजली उपभोक्ता अब एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर नया बिजली कनेक्शन ले सकेंगे। इसके लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एम.पी. ऑनलाइन से अनुबंध संपादित किया है और बिजली उपभोक्ताओं को यह सुविधा जनवरी 25 के अंतिम सप्ताह से मिलना शुरू हो जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक एवं निदेशक (वाणिज्य) की उपस्थिति में मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) एवं एम.पी. ऑनलाइन के बिजनेस हेड द्वारा कंपनी मुख्यालय में अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को आसान और त्वरित माध्यम से बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए एम.पी.ऑलाइन से एक अनुबंध हस्ताक्षरित किया है जिसके अनुसार अब एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से भी आवेदन कर नया बिजली कनेक्शन आसानी से मिलेगा।

## मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के हितग्राहियों को 3064 रुपये में 14 लाख का बीमा

सीहोर ( निप्र)। मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अनुबंधित परिवहनकर्ताओं को मात्र 3064 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर 14 लाख रुपये का बीमा करने का निर्णय लिया है। योजना के हितग्राहियों की असामयिक मृत्यु पर कोई सहायता प्राप्त नहीं होने से परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता था। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि हितग्राहियों के बीमा के लिये 3 बीमा योजनाओं का क्रियान्वयन किया जायेगा। इनमें से सामूहिक बीमा योजना का क्रियान्वयन फरवरी-2025 से होगा। इसका वार्षिक प्रीमियम 2608 रुपये और बीमित राशि 10 लाख रुपये है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का क्रियान्वयन जून-2025 से होगा। इसका वार्षिक प्रीमियम 436 रुपये और बीमित राशि 2 लाख रुपये है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का क्रियान्वयन जून-2025 से होगा। इसका वार्षिक प्रीमियम 20 रुपये और बीमित राशि 2 लाख रुपये है।

योजना में पॉलिसी जारी होने की दिनांक से हितग्राही की दुर्घटना में मृत्यु होने पर पूरी बीमा राशि मिलेगी। पॉलिसी जारी होने की दिनांक से 30 दिन के बाद हितग्राही की अन्य कारण से (दुर्घटना को छोड़कर) मृत्यु होने पर पूरी बीमा राशि दी जायेगी। अन्य कारणों से 30 दिन में मृत्यु होने पर हितग्राही द्वारा देय प्रीमियम राशि का 80 प्रतिशत भुगतान किया जायेगा। बीमा पॉलिसी जारी होने के एक वर्ष की अवधि में आत्महत्या करने पर जीवन बीमा की राशि देय नहीं होगी, मात्र देय प्रीमियम राशि का 80 प्रतिशत भुगतान किया जायेगा।

### राज्य स्तरीय युवा उत्सव जनवरी-2025 में मनाया जायेगा

सीहोर ( निप्र)। राज्य स्तरीय युवा उत्सव जनवरी-2025 में मनाया जायेगा। इसमें विभिन्न विधाओं में युवा प्रदर्शन कर सकेंगे। युवा उत्सव में भाषण, विज्ञान मेला, कविता लेखन, कहानी लेखन, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य और पेंटिंग सहित 7 विधाएं शामिल है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ने राज्य स्तरीय युवा उत्सव मनाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये और कहा कि सातों विधाओं में युवाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बेहतर तैयारी की जाये। युवा उत्सव जनवरी-2025 में 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 12 से 16 जनवरी के मध्य नई दिल्ली में 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# शासकीय महाविद्यालय इछावर में आज लायसेंस शिविर का आयोजन

सीहोर ( निप्र)। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अन्तर्गत जिले के समस्त महाविद्यालयों में 16 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिला परिवहन अधिकारी में बताया कि शासकीय महाविद्यालय, इछावर में 02 जनवरी,2025 को,शासकीय महाविद्यालय, लाडकुई में 03 जनवरी को,चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय, सीहोर में 08 जनवरी को,शासकीय महाविद्यालय, बुधनी में 9 जनवरी को,शासकीय महाविद्यालय, भैरूंदा में 10 जनवरी को औरशासकीय महाविद्यालय, बकतरा एवं डोबी में 16 जनवरी,2025 को लायसेंस शिविर का आयोजित यिा जायेगा। लर्निंग लायसेंस के लिए ऑनलाईन 20 प्रश्नों में से 12 प्रश्नों के उत्तरदेना अनिवार्य है औरआवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाईल (ओटीपी के लिए)लायसेंस शुल्कमहिला के लिए नि:शुल्क है।

# बदलते मौसम में निमोनिया से बचाव एवं उपचार की दी सलाह

सीहोर ( निप्र)। बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आम जनों को सलाह दी है कि निमोनिया के आकलन, निमोनिया का वर्गीकरण, खतरनाक लक्षणों के चिन्हों की पहचान, समुदाय आधारित निमोनिया का प्रबंधन, उपचार एवं रेफरल के संबंध में मैदानी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं एसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए विभाग तैयार है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की एएनएम को निमोनिया के संबंध जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सर्दी के मौसम में बच्चों में निमोनिया के केसेस ज्यादा पाए जाते हैं। इसे देखते हुए मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अवगत किया गया है। जिससे कि वह अपने क्षेत्र में निमोनिया के लक्षण वाले बच्चों की शीघ्र पहचान कर शीघ्र प्रबंधन कर सकें। निमोनिया फेफड़े का संक्रमण है। जिससे फेफड़ों में सूजन हो जाती है।

निमोनिया होने पर बुखार खांसी और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। तेज सांस चलना या छाती का धंसना निमोनिया के दो मुख्य चिन्ह है। प्रशिक्षण में शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा द्वारा बच्चों में सांस की दर को गिनकर निमोनिया के लक्षणों की पहचान के संबंध में जानकारी दी गई। बच्चों में सांस की गति का ठीक ढंग से आकलन करके निमोनिया को प्रारंभिक अवस्था में ही पहचाना जा सकता है। इसके लिए बच्चों की श्वास को एक मिनट तक निरंतर देखा जाता है। दो माह तक की उम्र के बच्चों की सांस लेने की दर एक मिनट में 60 या उससे अधिक होने पर, 2 माह से एक वर्ष तक की आयु में 50 या उससे अधिक एवं 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों में प्रति मिनट 40 या उससे अधिक सांस की दर होने पर निमोनिया होने की संभावना रहती है। 5 वर्ष तक के बच्चों में सर्वाधिक मृत्यु का कारण निमोनिया है।

## जिले में 31 दिसम्बर तक 40242.836 मैट्रिक टन सोयाबीन की खरीदी की गई है

सीहोर ( निप्र)। जिले में सोयाबीन फसल का उत्पादन वर्षा 2024 में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जिले में कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा समय-समय पर साबंधित विभागों की बैठकों में किसानों से सोयाबीन खरीदी में तेजी लाने एवं उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त व्यवस्था और सुविधों के निर्देश दिये गये थे। उप संचालक कृषि के के पाण्डे ने बताया कि जिले में किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर सोयाबीन विक्रय के लिए 26831 किसानों ने पंजीयन कराया गया और पंजीकृत किसानों का 68636.69 हेक्ट्रर रकबा, जिलमें 32 उपार्जन केन्द्रों पर किसानों द्वारा अपनी उपज विक्रय किया गया है। सोयाबीन विक्रय के लिए 16700 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की गई और 14013 किसानों ने सोयाबीन फसल का विक्रय किया गया।

### न्यायालय तहसीलदार तहसील दोराहा जिला सीहोर

प्रकरण क्रमांक 0001/अ-27/2024-25

//-उद्धघोषणा पत्र //-

आवेदक विद्याबाई पत्नी छोटेराम यादव निवासी खजूरीकला भोपाल कृषक ग्राम सिकन्दरगंज द्वारा उपस्थित होकर मा0प्र0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। भूमि का विवरण निम्नानुसार है।

| ग्राम का नाम | सर्वे क्रमांक | रकबा |
|---|---|---|
| सिकन्दरागंज | 241/1 242, 243,245/1, 245/2 314/246 | 0.214<br>0.612 |

2 अत: उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या सहखातेदारों को कोई आपत्ति का आक्षेप हो तो वह प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 14/01/2025 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकता है। वाद म्याद किसी भी आपत्ति या आवेदन पत्र पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार दोराहा

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com